आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 185 ● कटनी ● शनिवार, 6 अगस्त, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण मास शुक्ल पक्ष-9 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## ईडी ने कहा, अर्पिता की जान को खतरा



**नई दिल्ली एजेंसी।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला के आरोप में गिरफ्तार पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। शुक्रवार को PMLA कोर्ट में सुनवाई के दौरान ED ने कहा कि अर्पिता मुखर्जी की जान को खतरा है। ऐसे में उन्हें दिए जाने वाला खाना भी पहले चखना जरूरी है। इसके बाद कोर्ट ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि अर्पिता को खाना देने से पहले उसे चख लें। इसके साथ ही अर्पिता मुखर्जी को जेल के सेल में चार से अधिक साथी कैदियों के साथ न रखने को कहा है। वहीं, जेल सेल के आसपास 24 घंटे गार्ड की मौजूदगी रहेगी। ED ने बताया कि पार्थ चटर्जी को जान के खतरे जैसे कोई इनपुट नहीं मिले हैं। बता दें कि एजेंसी की रिमांड के बाद अब 14 दिनों के लिए जेल भेज दिया गया है। इस मामले में अब अगली सुनवाई 18 अगस्त को होनी है। ED ने पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत की मांगी थी। श्वष्ठ के कोर्ट में कहा कि एजेंसी को फिलहाल दोनों आरोपियों से उनके घर से मिली कई चीजों को लेकर पूछताछ करनी है, इससे पहले मामले की जांच के दौरान ईडी ने अर्पिता मुखर्जी की कंपनियों के बैंक खातों से 8 करोड़ रुपये जब्त किए थे।

## ED दफ्तर पहुंचीं संजय राउत की पत्नी वर्षा

### दोनों को आमने-सामने बैठाकर होगी पूछताछ

**मुंबई,एजेंसी।** ED की जांच में सामने आया है कि पात्रा चॉल के रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के दौरान संजय राउत की पत्नी की कंपनी च्अवनी इन्फ्रास्ट्रक्चरज्‍ ने 2010-11 में अलीबाग के किहिम बीच पर 8 कॉट्रैक्ट के तहत 10 लैंड पार्सल खरीदे। ये कॉन्ट्रैक्ट स्वप्ना पाटकर और वर्षा राउत के नाम से किए गए थे।शिवसेना सांसद संजय राउत की पत्नी वर्षा राउत पात्रा चॉल घोटाले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ED) के दफ्तर पहुंची हैं। श्वष्ठ से जुड़े सूत्रों ने बताया कि संजय और वर्षा को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ होगी। संजय राउत सोमवार तक श्वष्ठ की कस्टडी में हैं। 4 अगस्त को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA) कोर्ट ने राउत की कस्टडी बढ़ाई थी।

### उपराष्ट्रपति के लिए वोटिंग जारी...

## देश को आज मिलेगा नया उपराष्ट्रपति







### BJP के वोट ही धनखड़ को जिताने के लिए काफी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** उपराष्ट्रपति के लिए आज वोटिंग शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना वोट डाल दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस सांसद डॉ मनमोहन सिंह ने भी अपना वोट डाला। NDA की ओर से जगदीप धनखड़ और विपक्ष की ओर से मार्गरेट अल्वा उम्मीदवार हैं। इस चुनाव में संसद के दोनों सदनों के सदस्य मतदान करेंगे। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक वोट डाले जाएंगे। इसके बाद तुरंत काउंटिंग होगी। देर शाम तक रिजल्ट आएगा। सदन में दोनों सदनों को मिलाकर कुल 788 सदस्य हैं। आंकड़ों के हिसाब से NDA कैंडिडेट और पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ की स्थिति मजबूत दिख रही है। मार्गरेट अल्वा उनको टक्कर दे रहीं हैं।

**अकबर रोड पर जश्न की तैयारियां-** अभी लोकसभा में 543 सांसद हैं, जबकि राज्यसभा में 245 में से 8 सीटें खाली हैं। यानी निर्वाचन मंडल 780 सांसदों का है। ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव से दूर रहने की बात कही है। TMC के 36 सांसद हैं। इस तरह 744 सांसद वोटिंग में हिस्सा लेंगे। अगर यह सभी सांसद वोटिंग में हिस्सा लेते हैं तो बहुमत का आंकड़ा 372 रहेगा।

**BJP के सांसदों से ही जीतते दिख रहे धनखड़-** BJP के अपने 394 सांसद हैं, यह संख्या बहुमत के आंकड़े से ज्यादा है। इस तरह से देखा जाए तो BJP अकेले ही जगदीप धनखड़ को जितवा सकती है। उधर, बात NDA की करें तो 441 सांसद हैं, 5 मनोनीत का भी साथ मिला हुआ है। इस तरह से धनखड़ के पक्ष में 446 वोट हो जाते हैं। इन सभी वोटों से NDA जीत के अंतर बढ़ाना चाहेगी। NDA के सांसदों से जगदीप धनखड़ को तो बढ़त मिलती दिख ही रही है। इसके अलावा, BJD, YSRC, BSP, TDP, अकाली दल और शिंदे गुट का भी समर्थन हासिल है। इनके 81 सांसद हैं।

**नायडू को पीछे छोड़ सकते हैं -** आंकड़ों के हिसाब से जगदीप धनखड़ को बहुमत के आंकड़े 372 से काफी ज्यादा वोट मिलते दिख रहे हैं। यह आंकड़ा करीब 70 प्रतिशत के करीब रह सकता है। पिछले उपराष्ट्रपति चुनाव में एम वेंकैया नायडू को करीब 68 प्रतिशत वोट मिले थे।

## कोविड से सामान्य स्थिति होने पर ही होंगे छात्र संघ चुनाव





**भोपाल,यशभारत। पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब मध्यप्रदेश में छात्र संघ चुनाव कराने की मांग उठने लगी पर सरकार इस साल भी सरकारी कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव कराने के मूड में नहीं है।**

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि कोरोना का अभी तीसरा दौर चल रहा है। कोविड की स्थिति सामान्य होने के बाद ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से इस बारे में बात कर कोई फैसला लिया जाएगा। डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को उज्जैन में यह बात कही। उच्च शिक्षा मंत्री का कहना है कि कोरोना का अभी तीसरा दौर चल रहा है। वैक्सीनेशन किया जा रहा है। जैसे ही, कोविड से सामान्य स्थिति होगी। छात्र संघ चुनाव कराएंगे। चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होंगे या अप्रत्यक्ष प्रणाली, इसका फैसला छात्र संगठनों के नेताओं से राय लेकर को-ऑर्डिनेशन कमेटी और राज्यपाल की सहमति से होगा।उल्लेखनीय है कि प्रदेश में प्रत्यक्ष प्रणाली से आखिरी बार 2003 में छात्र संघ चुनाव हुए थे। तब से अब तक लगातार छात्र संगठनों के नेता प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराए जाने की मांग कर रहे हैं। सरकार 19 साल से इस मांग को लगातार खारिज कर रही है। कॉलेजों में राज्य सरकार ने 5 साल पहले 2017 में अप्रत्यक्ष प्रणाली से छात्र संघ चुनाव कराए थे। हालांकि, छात्र संगठनों ने राज्य सरकार से चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाने की मांग की थी। इसे खारिज कर दिया गया था।प्रदेश में सरकारी 8 यूनिवर्सिटी हैं। 1327 प्राइवेट और सरकारी कॉलेज हैं। क्लासेस शुरू हुए 1 महीना बीत गया है। पड़ोसी राज्य राजस्थान में सरकार ने छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने की घोषणा कर दी है।ABVP के प्रांत संगठन मंत्री प्रवीण शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने उच्च शिक्षा मंत्री और दूसरे नेताओं को लेटर लिखकर प्रदेश में छात्र संघ चुनाव कराने की मांग की है।प्रवीण शर्मा ने बताया कि कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होने चाहिए। संगठन की ओर से राज्य सरकार को पिछले दिनों ज्ञापन भी दिया गया था, लेकिन सरकार ने प्रत्यक्ष प्रणाली से स्टूडेंट यूनियन इलेक्शन कराने के बारे में रुख स्पष्ट नहीं किया है। 2017 में भी छात्र संघ चुनाव संगठन की मांग पर कराए थे, तब भी ABVP ने प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने की मांग की थी, लेकिन सरकार ने स्टूडेंट यूनियन इलेक्शन अप्रत्यक्ष प्रणाली से कराए थे।



## छोटे रिपोर्टर ने खोली थी स्कूल की पोल

### झारखंड के शिक्षा मंत्री ने दिया मदद का आश्वासन

**गोड्डा,एजेंसी।** झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने गुरुवार की रात प्राथमिक विद्यालय भिखियाचक की पोल खोलने वाले छात्र से बात की। इस दौरान उन्होंने छात्र की हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। शिक्षा मंत्री ने छात्र से करीब तीन मिनट तक बात कर शिक्षा व्यवस्था, स्कूल की हालत समेत परिवार के बारे में जानकारी ली। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने बीती रात छात्र सरफराज से मोबाइल पर बात की। साथ ही हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। शिक्षा मंत्री ने छात्र से कहा कि आपको किसने धमकी दी है। छात्र ने स्कूल के शिक्षक तमीजुद्दीन पर धमकी देने का आरोप लगाया, जिसपर मंत्री ने पूछा कि उसे सस्पेंड कर दें, तो छात्र ने कहा कि सर जो आपकी मर्जी। शिक्षा मंत्री ने छात्र से बेहतर पढ़ाई और परिवार के बारे में भी जानकारी ली।

## विचाराधीन कैदियों की रिहाई सही मायने में आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा, वर्षों से जेल में बंद कैदियों की रिहाई ही भारत की आजादी के 75वें वर्ष (अमृत महोत्सव) का जश्न मनाने का एक सही तरीका होगा। केंद्र सरकार को जल्द ऐसी कोई योजना तैयार करनी चाहिए जिससे विचाराधीन व छोटे अपराधों में शामिल कैदियों की रिहाई हो सके।जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस एमएम सुंदरेश की पीठ ने कहा, अगर न्यायपालिका 10 साल के भीतर मामलों का फैसला नहीं कर सकती है तो कैदियों को आदर्श रूप से जमानत पर छोड़ दिया जाना चाहिए। अगर किसी व्यक्ति को 10 साल बाद अंततः बरी कर दिया जाता है तो उसे अपने जीवन के साल वापस नहीं मिल सकते हैं। जस्टिस कौल ने केंद्र सरकार की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) केएम नटराज से कहा, सरकार आजादी के 75 साल को 'आजादी का अमृत महोत्सव' के रूप में मना रही है। ऐसे विचाराधीन व वे कैदी जो अपनी सजा का एक बड़ा हिस्सा जेल में काट चुके हैं, उन्हें रिहा करने का उपाय करना सही मायने में उत्सव का उपयोग है। आइडिया यह है कि जेलों और ट्रायल कोर्ट का बोझ कम हो। इसके लिए केंद्र को राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से बातचीत कर नीति विकसित करनी चाहिए। जिससे कुछ श्रेणियों के विचाराधीन कैदियों व दोषियों को एक निश्चित अवधि के बाद रिहा किया जा सके।

### ऐसा बिलकुल नहीं कि अपराध करने वाले को सजा नहीं होनी चाहिए

पीठ ने कहा, हम यह नहीं कह रहे हैं कि जिसने अपराध किया है उसे कैद नहीं होना चाहिए। लेकिन लंबे समय तक ट्रायल चलना और किसी को दोषसिद्धि के बिना लंबे समय तक सलाखों के पीछे रखना समाधान नहीं हो सकता है। साथ ही, पहली बार छोटे अपराधों के दोषियों को अच्छे व्यवहार के बांड पर रिहा किया जा सकता है। इसी तरह, संभावित सजा का एक तिहाई या इससे अधिक की अवधि से जेल में गुजारने के बाद विचाराधीन कैदियों को भी जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। जवाब में एएसजी नटराज ने कहा, पीठ के सुझाव को मौजूदा कानूनी ढांचे के तहत परीक्षण करना होगा।

## नए खुलासे के बाद सोनिया-राहुल से फिर होंगे सवाल

### सुप्रीम झटके के बावजूद शेल कंपनियों से छ्रुको जाता रहा पैसा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** नैशनल हेराल्ड केस में कथित मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के खिलाफ कांग्रेस लामबंद है। उधर, प्रवर्तन निदेशालय फिर से सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ की तैयारी कर रहा है। ईडी को कुछ सुराग मिले हैं जो इशारा करते हैं कि शेल कंपनियों के जरिए 2019 में यंग इंडियन और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड में पैसा जाता रहा। फरवरी 2016 में नैशनल हेराल्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गांधियों व अन्य के खिलाफ ट्रायल रोकने की याचिका खारिज कर दी थी। सूत्रों के अनुसार, सुराग इस ओर इशारा करते हैं कि SC के फैसले के काफी बाद में यंग इंडियन और AJL में शेल कंपनियों से पैसा लगता रहा। ईडी ने हालिया छापेमारी में मिले दस्तावेजों से 2018-19 तक चली कथित हेराफेरी का पता लगाया है। सूत्रों के अनुसार, ईडी ऑफिसर्स को लगा था कि सुप्रीम कोर्ट से झटके के बाद कथित संदिग्ध लेन-देन बंद कर दिए गए होंगे। यह फंडिंग उस 1 करोड़ रुपये से अलग है जो यंग इंडियन को कोलकाता की शेल कंपनी डॉटेक्स मर्चेंडाइज से मिले। YI में सोनिया और राहुल की 76प्रतिशत हिस्सेदारी है। YI ने डॉटेक्स से मिली रकम में से 50 लाख रुपये का इस्तेमाल कांग्रेस से AJL को खरीदने में किया।

### नैशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में जांच की नई कड़ी

सूत्रों ने कहा कि अगर शेल कंपनियों और विदेशी फंड्स अरेंज करने में उनकी भूमिका की जांच आगे बढ़ती है तो सोनिया, राहुल और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व अन्य से फिर पूछताछ की जरूरत पड़ सकती है। खड़गे यंग इंडियन के सीईओ हैं। ईडी ने पिछले कुछ दिनों में केस से जुड़ी आधा दर्जन से ज्यादा जगहों पर छापे मारे। दिल्ली स्थित हेराल्ड हाउस के चौथे फ्लोर जहां यंग इंडियन का ऑफिस है, वहां भी। जहां रेड्स हुईं, उनमें शेल कपंनियों के प्रमोटर्स भी शामिल थे जिन्होंने कथित रूप से उन लोगों को एंट्रीज दिलवाई जो अवैध रुपयों को वैध निवेश में बदलवाना चाहते थे।

## शहडोल में शिकारियों ने बिछाई वायर करंट से तेंदुएं की मौत, दो गिरफ्तार

**शहडोल यशभारत।** शहडोल जिले में शिकारियों ने जंगली जानवर का शिकार करने के लिए करंट वाली वायर बिछाई थी। इसकी चपेट में आने से एक तेंदुएं की मौत हो गई। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। शहडोल के वन मंडल अधिकारी (उत्तर) गौरव चौधरी ने बताया कि पूर्ण वयस्क तेंदुएं की लाश ब्योहारी रेंज के खारपा बीट में झाड़ियों में बरामद हुई है। अलर्ट करने पर संजय टाइगर रिजर्व के डॉग स्क्वॉड को सुराग हासिल करने के लिए तैनात किया गया था। शुरुआती जांच में पता चला है कि शिकारियों ने किसी अन्य जानवर को पकड़ने के लिए वायर बिछाई थी। उसकी चपेट में तेंदुआ आ गया और करंट लगने से उसकी मौत हो गई। शिकारियों ने इसके बाद तेंदुएं की लाश को झाड़ियों में ठिकाने लगाया और फरार हो गए। चौधरी ने कहा कि इस मामले में हमने दो लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ जारी है। तेंदुआ करीब सात साल का है। ऐसा लग रहा है कि उसकी मौत दो-तीन दिन पहले हुई है। मध्यप्रदेश में देशभर में सबसे ज्यादा तेंदुएं हैं। 2018 में तेंदुओं की गणना की गई थी। इसके हिसाब से मध्यप्रदेश में 3,421 तेंदुएं हैं। दूसरे नंबर पर कर्नाटक है, जहां सिर्फ 1,783 तेंदुएं हैं। पिछले कुछ समय से मध्यप्रदेश में तेंदुओं की मौत चिंता का कारण बना हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 2021 तक पांच साल में 255 तेंदुओं की मौत हुई थी। यानी हर साल तकरीबन 51 तेंदुएं अकेले मध्यप्रदेश में मारे गए हैं। पिछले साल अगस्त तक 56 से अधिक तेंदुओं की मौत हुई थी। इस साल भी करीब इतने ही तेंदुएं मारे जा चुके हैं।

## वैशाली में जहरीली शराब से 3 की संदिग्ध मौत

**हाजीपुर,एजेंसी।** बिहार में जहरीली शराब का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। वैशाली जिले से तीन लोगों की संदिग्ध हालत में मौत होने की खबर आ रही है। जिले के सहदेई में किसान सलाहकार समेत दो लोगों जान चली गई। दोनों आपस में रिश्तेदार थे। वहीं, महुआ में भी एक अन्य शख्स की मौत की खबर है। इसका कारण जहरीली शराब बताया जा रहा है। इनके साथ शराब पार्टी करने वाले एक अन्य शख्स की भी तबीयत बिगड़ गई। उसकी हालत खतरे से बाहर है। बता दें कि छपरा में भी पिछले दिनों शराब पीने के बाद अब तक 13 लोगों की जान जा चुकी है और अन्य कई लोगों की आंखों की रोशनी चली गई। जानकारी के मुताबिक महुआ थाने के भदवास निवासी विकास चौधरी की शुक्रवार देर रात करीब एक बजे मौत हो गई।

## पत्नी का सिर लेकर पहुंचा ससुराल

### टेबल पर रखा था मासूम का कटा सिर, दोनों की हत्या के बाद सेल्फी ली

**मधेपुरा,एजेंसी।** बिहार के मधेपुरा में एक पति ने अपनी पत्नी और बेटी की सिर काटकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं, पत्नी का कटा सिर लेकर आरोपी अपने ससुराल पहुंचा और घर से 200 मीटर की दूरी पर एक पुलिया पर रखकर फरार हो गया। कटे सिर के नीचे एक पर्ची भी रखी थी। मधेपुरा में आरोपी के घर में पत्नी और बेटी का धड़ पड़ा था, जबकि बेटी का कटा सिर टेबल पर रखा हुआ था। बताया जाता है कि पत्नी के अवैध संबंध के शक में आरोपी पति ने वारदात को अंजाम दिया है। हत्या के बाद आरोपी ने पत्नी के धड़ के साथ सेल्फी भी ली थी। शनिवार सुबह आरोपी पति महिला का कटा हुआ सिर अपने घर (श्रीनगर थाना क्षेत्र स्थित पोखरिया गांव) से लेकर उसके मायके (सदर थाना क्षेत्र के गोढाईला गांव ) पहुंचा। महिला के मायके से 200 मीटर पहले एक पुलिया पर कटे सिर को रख फरार हो गया। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने सिर देखा तो इलाके में सनसनी फैल गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला का कटा हुआ सिर लेकर उसके ससुराल पहुंची तो दंग रह गए। वहां बेटी की भी लाश मिली। पत्नी और बेटी की हत्या के बाद पति ट्रेन पकड़कर फरार हो गया। मृतकों की पहचान मो. जिब्राहिल की पत्नी रुकसाना (30) और उसकी बेटी जिया (4) के रूप में हुई। घटनास्थल से खून से सना एक लेटर मिला है। उसमें कुछ आपत्तिजनक बातें लिखी हैं। इसके साथ लिखा है शानदर, जबरदस्त। मायके वालों का कहना है कि जिब्राहिल और रुकसाना की शादी 12 साल पहले हुई थी। शादी के बाद 3 बच्चे भी हुए। दो बेटे अपने चाचा के यहां रहकर पढ़ाई करते थे। वहीं मासूम बेटी घर में रहती थी। शादी के बाद से छोटी-मोटी बातों को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। जिब्राहिल दूसरे राज्य में सिलाई का काम करता था। इसी से घर चलता था। इस बीच वह बीच-बीच में घर आया करता था। पिछले साल वह घर आया तो बाहर नहीं गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिब्राहिल अपनी पत्नी पर अवैध संबंध का शक करता था। इस बात को लेकर अक्सर विवाद करता था। आशंका है कि शुक्रवार रात दोनों के बीच विवाद हुआ होगा।

## जदयू ने अपने ही नेता को थमाया नोटिस

### अकूत संपत्ति के आरोपों पर मांगा जवाब



पटना एजेंसी। बिहार में सत्तारूढ़ जदयू ने अपनी ही पार्टी के नेता व पूर्व सांसद आरसीपी सिंह को नोटिस जारी किया है। इसमें उनसे संपत्तियों के विवरण में विसंगतियों पर जवाब मांगा गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह को यह नोटिस बिहार जदयू अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सिंह और उनके परिवार के नाम पर 2013-2022 से पंजीकृत अचल संपत्तियों के विवरण में विसंगतियां हैं। इसलिए वे जल्द से जल्द इस नोटिस का जवाब दें।बता दें, आरसीपी सिंह और सीएम नीतीश कुमार के बीच लंबे समय से अनबन चल रही है। माना जा रहा है कि केंद्र में मंत्री रहते भाजपा से कथित नजदीकी के चलते उन्हें पार्टी लगातार किनारे कर रही है। आरसीपी सिंह को पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री पद भी छोड़ना पड़ा था, क्योंकि उनका राज्यसभा का कार्यकाल खत्म हो गया था। कुशवाहा द्वारा सिंह को भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि नालंदा जिला जदयू के दो साथियों ने साक्ष्य के साथ शिकायत की है। इसमें कहा गया है कि अब तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार आपके एवं आपके परिवार के नाम से वर्ष 2013 से 2022 तक अकूत अचल संपत्ति पंजीकृत कराई गई है। इसमें कई प्रकार की अनियमितताएं नजर आती हैं। आप लंबे समय से जनता के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के साथ अधिकारी व राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहे हैं।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम के साथ अन्याय

## एफआईएच ने माफी मांगी, पूरी घटना की होगी समीक्षा

**बर्मिंघम ,एजेंसी।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में महिला हॉकी के सेमीफाइनल मैच के दौरान भारतीय टीम के साथ हुई बेईमानी पर एफआईएच ने माफी मांगी है। इस मैच में पेनल्टी शूटआउट के दौरान रेफरी की गलती के चलते ऑस्ट्रेलियाई टीम को पहला गोल करने के लिए दो मौके मिले थे। इस वजह से भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद इस मामले पर जमकर बवाल हुआ और अब एफआईएच ने पूरे मामले पर माफी मांगी है और इस घटना की समीक्षा करने की बात कही है। पेनल्टी शूटआउट के दौरान अपना पहला प्रयास चूकने वाली ऑस्ट्रेलिया की रोजी मेलोन को एक और मौका दिया गया, क्योंकि स्कोरबोर्ड पर आठ सेकंड की उलटी गिनती शुरू नहीं हुई थी। मेलोन दूसरा मौका मिलने पर नहीं चूकीं और उन्होंने अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसका नतीजा यह हुआ कि भारतीय खिलाड़ियों का मनोबल टूट गया और भारतीय टीम पेनल्टी शूटआउट में 3-0 से हार गई। नियमित समय तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। दर्शकों ने भी तकनीकी अधिकारियों के फैसले पर गुस्सा जताया था। मैदान पर भारतीय टीम की कोच शोपमैन और बाकी खिलाड़ी रेफरी से बहस भी करती हुई दिखती हैं कि इसमें टीम इंडिया की क्या गलती है। हालांकि, रेफरी ने भारतीयों की बात नहीं सुनी और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को दूसरा मौका दिया गया।

### क्या बोला एफआईएच

एफआईएच ने बयान में कहा, ''बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में ऑस्ट्रेलिया और भारत की महिला टीमों के बीच खेले गए सेमीफाइनल मैच के दौरान शूटआउट गलती से बहुत जल्दी शुरू हो गया था (तब घड़ी संचालित होने के लिए तैयार नहीं थी) जिसके लिए हम माफी मांगते हैं।''
बयान में आगे कहा गया है, ''इस तरह की परिस्थिति में दोबारा पेनल्टी शूटआउट लेने की प्रक्रिया है और ऐसा किया भी गया। एफआईएच इस घटना की पूरी जांच करेगा ताकि भविष्य में इस तरह के मसलों से बचा जा सके।''



### मैच के बाद रोने लगीं कप्तान सविता

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच हारने के बाद भारतीय खिलाड़ी रो पड़ीं। कप्तान सविता पूनिया से मैच के बाद जब सवाल पूछे गए तो उनकी आंखों में आंसू थे। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह खेल का हिस्सा है और हम इसमें कुछ नहीं कर सकते। इसे मैनेजमेंट को देखना है। वहीं, भारतीय टीम की कोच शोपमैन ने साफतौर पर आयोजकों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए। उस एक घटना से मनोबल टूटा और हम हार गए। आगे हमें कांस्य के लिए मैच खेलना है और भारतीय खिलाड़ियों में फिर से हिम्मत जगानी होगी, जिनका मनोबल टूट चुका है।

### कोच ने की फैसले की आलोचना

कोच शोपमैन ने मैच के बाद कहा- मैं इसे एक बहाने के रूप में उपयोग नहीं कर रही हूं, लेकिन आप जानते हैं कि जब आपका गोलकीपर एक बचाव करता है तो इससे टीम का मनोबल बढ़ता है। आप निर्णय को उलट देते हैं। टीम वास्तव में परेशान है इसको लेकर। मुझे यकीन है कि उसके बाद टीम का ध्यान थोड़ा हट गया था और यह कोई बहाना नहीं है, बस एक साधारण तथ्य है।शोपमैन ने कहा- इसने हमारी गति को प्रभावित किया। रीटेक में गोल हुआ और सबकुछ तितर-बितर हो गया। लोगों को लगता है कि इससे खेल पर असर नहीं पड़ेगा, लेकिन उसका असर पड़ता है। इस खेल के साथ हमारा इमोशन भी जुड़ा हुआ है। मैं इसलिए भी गुस्से में हूं क्योंकि अंपायर भी इसे नहीं समझते हैं। ऑस्ट्रेलियाई शिकायत नहीं कर रहे थे, क्योंकि वे जानते थे कि उन्होंने गोल मिस किया है। उन्हें आसानी से गोल करने का कुछ वक्त और मिल गया। वह इसे क्यों छोड़ते ?

# कटनी में पीपीपी मोड से बनेगा मेडिकल कालेज

**प्रदेश के 05 जिलों में कटनी भी शामिल**

कटनी,यशभारत। सब कुछ ठीक रहा तो मप्र में पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप ;च्चच्द्ध मोड पर मेडिकल कॉलेज शुरू किए जाएंगे। मंत्री श्री सारंग की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के दौरान प्रथम चरण में प्रदेश के 05 जिलों भोपालए इंदौरए जबलपुरए बालाघाट एवं कटनी में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना किये जाने का निर्णय लिया गया। मालूम हो कि केन्द्र सरकार के पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना की नीति के अनुसार राज्य सरकार के वर्तमान में संचालित मेडिकल कॉलेज को टीचिंग हॉस्पिटल के रूप में तब्दील कर 100 डठठै सीटों पर एडमिशन के लिए पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी।




मेडिकल कॉलेज शुरू करने के लिए राज्य सरकार निजी निवेशकों को 99 साल ;60 वर्ष. 39 वर्षद्ध की लीज पर जमीन उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा प्रायवेट इन्वेस्टर को 300 बेड का जिला अस्पताल या दूसरा सरकारी अस्पताल भी राज्य सरकार द्वारा मुहैया कराया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने शुक्रवार को मंत्रालय में पीपीपी मॉडल पर शुरू करने के सम्बंध में समीक्षा बैठक की। फर्स्ट फेज में प्रदेश के 5 जिलों में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेजों की स्थापना करने का फैसला किया गया है। मेडिकल कॉलेज निर्माण का खर्च निजी निवेशक उठाएगा बैठक में निर्णय लिया गया कि उपलब्ध कराई गई भूमि पर निजी निवेशक को खुद के फंड से मेडिकल कॉलेज का निर्माण करना होगा। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज के संचालन और संधारणए स्टाफ की नियुक्ति का काम भी प्रायवेट इन्वेस्टर्स को करना होगा।

**मॉडल पर पार्टनर करेगा खर्च**

बैठक में मंत्री सारंग ने कहा मेडिकल कॉलेज की स्थापना डिजाइन बिल्ट फाइनेंस ऑपरेट एंड ट्रांसफर मॉडल पर पार्टनर द्वारा की जायेगी। जिसके अंतर्गत निजी निवेशक द्वारा मेडिकल कॉलेज, हॉस्टलए रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स, उपकरण, बुक्स एवं जर्नल्स आदि सम्मिलित होगा।

**आयुष्मान मरीजों के साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को मिलेगा नि :शुल्क उपचार**

पीपीपी मॉडल पर आधारित इन अस्पतालों में आयुष्मान मरीजों के साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को भी निःशुल्क उपचार मिल सकेगा। वहीं गैर आयुष्मान मरीजों को मार्केट दर पर उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

कटनी,यशभारत। रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की जानकारी लेने के लिए पूछताछ केंद्र बनाया गया है। इसे और बेहतर बनाने के लिए रेलवे ने इसमें बदलाव शुरू कर दिया है। पहला बदलाव करते हुए इस केंद्र का नाम पूछताछ केंद्र से हटाकर सहयोग केंद्र बना दिया गया है। प्लेटफार्म पर अब यात्री को केंद्र के बाहर सहयोग लिखा मिलेगी, जहां से वह ट्रेनों की जानकारी ले सकेंगे। जबलपुर मंडल में प्रमुख स्टेशनों पर संचालित होने वाली पूछताछ केंद्र का नाम बदलकर 'सहयोग' कर गया है।

# रेलवे इंक्वायरी का नाम अब होगा सहयोग

मंडल के जबलपुर, मदनमहल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, सुहागपुर, सिहोरा, कटनी, दमोह, सागर, मैहर, सतना, रीवा प्रमुख स्टेशनों पर पूछताछ खिड़कियों के नाम बदल दिए गए हैं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया की यात्री गाड़ियों के आवागमन एवं प्लेटफार्म, कोच पोजीशन आदि की जानकारी देने के लिए यात्रियों के सहयोग के लिए इस खिड़की से रेलवे से जुड़ी हर जानकारी मिलेगी। दरअसल रेलवे के वाणिज्य विभाग ने अपने कर्मचारियों को हाल ही में कर्मयोगी का प्रशिक्षण प्रदान किया है। जिससे की रेलवे कर्मचारियों की कार्यकुशलता के साथ यात्रियों के साथ बेहतर व्यवहार किया जाए। सहयोग में बैठने वाले कर्मचारी भी




इस बात को ध्यान में रखकर यात्रियों को जानकारी देंगे। पश्चिम मध्य रेलवे में सिग्नल एवं दूर संचार विभाग के रेल कर्मियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान विभाग के प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर सत्यवीर सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 3 राजपत्रित अधिकारी, 10 कर्मचारियों को प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी और अधिकारी दूसरों के लिए प्रेरणा है। अच्छे काम को सम्मानित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर तीनों मंडलों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने प्रदर्शित की जैविक दवाइयां व जैविक खाद

**कटनी, यशभारत।** मानव जीवन विकास समिति द्वारा सूक्ष्?म उद्यम विकास कार्यक्रम के तहत नाबार्ड ;राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकद्ध के सहयोग से एनआरएलएम ;राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशनद्ध द्वारा गठित समूह की महिलाओं को जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशक प्रबंधन को लेकर पठरा ग्राम पंचायत मे स्वण्सहायता समूह की 30 महिलाओं का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण का आयोजन संस्था प्रमुख निर्भय सिंहए नाबार्ड से डीडीएम धनेष ए एनआरएलएम श्रीराम सुजान एवं सूर्य प्रताप सिंह बघेल के सहयोग से पठरा स्थित गौ.शाला मे प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में नाबार्ड से डी डी एमए आरसेटी डायरेक्टरए एलडीएमए डी आई सी महोदयए समिति सचिव निर्भय सिंहए समिति कार्यकर्ता रामकिशोर चौधरीए चंद्रपाल कुशवाहाए पठरा से सुरेश विश्वकर्माए गणेश विश्वकर्माए विकास यादवए दीपकए मिहीलाल आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्ना कराया गया। प्रदर्शित की गई जैविक दवाइयां व जैविक खाद जैव कीटनाशक प्रबंधन पर दसपर्णीए मठास्त्रए अग्निआस्त्रए नीमास्त्रए हींगास्त्रए घन जीवामृतए जीवामृतए लमितए तुलास्त्रए बीजामृतए गजरा मृत और महुआस्त्र दवाईयां तैयार कर प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाते हुए प्रयोग विधि बताई गई। इन सभी प्रकार की दवाईयां बनाना स्व.सहायता समूह की महिलाओं ने सीखा। ये सभी दवाईयों को बनाने मे लागत बहुत ही कम लगती है। आपको बता दें की परिवेश मे उपलब्ध सामग्री के उपयोग से सहजता से कीट नियंत्रण तैयार किए जाते हैं। इसमें आने वालनी लागत भी न के बराबर है और भूमिए मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण पर भी हानिकारक प्रभाव नही डालता है। जैविक खाद में कम्पोस्ट खादए वर्मीकम्पोस्ट खादए नाडेपए भू नाडेप खाद तैयार कर बताया गया।

# पर्वो में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने कटनी पहुंचे आईजी जोगा

**पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश**





**कटनी, यशभारत।** जबलपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक उमेश जोगा शुक्रवार को कटनी पहुंचे। पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन की उपस्थिति में आगामी त्योहारों को कानून व्यवस्था स्थिति की समीक्षा की। साथ ही आईजी ने हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा की। डीजीपी के निर्देशों के अनुरूप पुलिस अधिकारियों एवं बल को क्षेत्र में पैदल भ्रमण करने निर्देश दिए। उच्च न्यायालय में पूर्ण विवेचना सहित केस डायरी प्रस्तुत करने कहा। बीट सिस्टम की समीक्षा, लंबित अपराधों के निराकरण एवं वारंट तामीली के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने कहा। आईजी ने परेड आयोजित करने, उपस्थित बल से संवाद करने, वीवीआइपी भ्रमण के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रखने के लिए निर्देशित किया। गांवों कस्बों का भ्रमण कर अवैध रूप से शराब बेचने वालों एवं पैकारी पर कार्यवाही करने कहा।

पुलिस थानों मे अपराधों की विवेचना का स्तर एवं गुणवत्ता सुधारने के संबंध मे थानों के सुपरविजन अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जो कि उनके अधीनस्थ थानों में बार-बार जाते है उनको थाना भ्रमण के दौरान वहां के विवेचकों को समक्ष में बुलाकर केस डायरी, मर्ग डायरी, गुम इंसान डायरी की समीक्षा कर उनमें विवेचना, जांच संबंधी निर्देश देने के लिए कहा। पुलिस थानों के रिकार्ड को अपडेट करने हेतु के लिए थाना भ्रमण के दौरान अपराध रजिस्टर (जरायम), मर्ग रजिस्टर, जप्ती माल रजिस्टर, एमएलसी रजिस्टर, गुण्डा फाइल, निगरानी रजिस्टर, वीसीएनबी को चैक कर उनमें टीप लगाने एवं उनकी तामीली प्राप्त करने कहा। पुलिस अधीक्षक को जिले के सभी थानों के एचसीएम की माह में एक बार बैठक लेने कहा।

**लापरवाह चालकों पर कार्रवाई के निर्देश**

आईजी श्रीजोगा ने यातायात व्यवस्था को सुधारने यातायात दुर्घटना वाले स्थानों को चिन्हित कर ओवर लोडिंग, तेज गति, नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही करने कहा। वाहन चैंकिंग एवं यातायात व्यवस्था के लिए यातायात थाने के साथ-साथ पुलिस थाने के बल को लगाने कहा। वारंट तामीली की समीक्षा करने पर वर्ष 2022 मे जनवरी से जुलाई तक कुल 1463 गिरफ्तारी वारंट एवं 234 स्थायी वारंट तामील करना पाया गया। 408 गिरफ्तारी वारंट का अदम तामील होना पाया गया। थानों मे लंबित गिरफ्तारी एवं स्थायी वारंट की तामीली और अधिक करने के लिए निर्देशित किया गया। आईजी ने शहर में भी भ्रमण करते हुए सुभाष चौक में अधिकारियों के साथ झंडा खरीदा। सभी को आजादी का 75वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाने कहा।



# झूलेलाल चालीहा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**40 दिवसीय चालीहा महोत्सव का भव्य शोभायात्रा के साथ होगा समापन**

**कटनी, यशभारत।** गुरूनानक वार्ड स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में चल रहे 40 दिवसीय भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव के अवसर पर रोजाना विविध, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। सुबह, शाम भजन कीर्तन, आरती, पल्लव व दीनबंधु भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। समाजसेवी संजय खूबचंदानी ने बताया कि इस वर्ष झूलेलाल चालीहा महिला समिति की श्रीमती नीलम जगवानी, मधु खूबचंदानी, सिमरन चेतवानी, लवली गंगवानी, सपना मूलचंदानी, शालिनी सौम्यानी, ज्योति लाहोरानी, पूजा मूलचंदानी, कृपा डोडानी के निर्देशन एवं सहयोग से मंदिर परिसर में बच्चों के प्रकृति विषय पर ड्राइंग प्रतियोगिता व महिलाओं के लिए मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता और पूज्य बहराणा साहिब बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई है, जो सभी श्रद्धालुओं ने सराहा। 12 अगस्त को समाज के गरीब, विधवाओं को राशन वितरण व भण्डारे का आयोजन, 14 अगस्त को चालीहा महोत्सव व स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कटायेघाट में झूलेलाल सेवा समिति व चालीहा महोत्सव समिति के तत्वाधान में नगर की विख्यात गौरव मंडली, बालक मंडली के गोवर्धन दिलीप उदासी बंधुओं द्वारा गीत.संगीत का भव्य आयोजन किया गया है। 15 अगस्त को शासकीय चिकित्सालय में फल वितरण व 19 अगस्त को मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया है। इस भव्य 40 दिवसीय चालीहा महोत्सव का समापन 21 अगस्त को भव्य शोभायात्रा के साथ भगवान श्री झूलेलाल जी की अखण्ड ज्योति के विसर्जन के साथ संपन्न होगा। चालीहा महोत्सव समिति के त्रिलोकचंद भोजवानी, श्रीचंद भाटिया, हरीश बहलानी, नेवंदराम खूबचंदानी, अमर चेतवानी, महेश बहलानी, सुरेश गांधी, राजकुमार खीयानी, अशोक रोहरा, संजय खूबचंदानी, सुनील हसीजा, मदन सेवलानी ने श्रद्धालुओं से समस्त कार्यक्रमों में उपस्थिति की अपेक्षा की है।





## तुलसी जयंती पर रामचरित मानस का अखंड पाठ

**कटनी, यशभारत।** अखिल भारतीय मानस प्रचार समिति की नियमित भजन सत्संग सभा सभा स्थल देवपथ लाइन इंडस्ट्रीज झंडा बाजार में रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्म उत्सव तिथि महोत्सव भव्यता पूर्वक मनाया गया। 3 अगस्त को सुबह 10 बजे से श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ प्रारंभ होकर 4 अगस्त को सुबह पाठ का विराम के पश्चात प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक सुंदरकांड सप्ताहिक पाठ तत्पश्चात यज्ञ, हवन, आरती एवं एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण एवं कार्यक्रम का समापन संस्था के अध्यक्ष मुरली मनोहर अग्रवाल ने समस्त उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुरली मनोहर अग्रवाल, ओम प्रकाश सेठिया, राधेश्याम दुबे, मोहन कुमार अग्रवाल, धनीराम बड़ेरिया, रमेश अग्रवल, सत्यनारायण ताम्रकार, सूर्य कांत परौहा, रमेश अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, रामकुमार दुबे, जितेंद्र पांडेय, रजनी अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, हरिनंदन शर्मा आदि उपस्थित रहे।




**सिटी मॉल बरही रोड में**

शानदार दूसरा सप्ताह

रोजाना 3 शो ता. 04 से

दोपहर 12.30, 2.45 एवं सायं 7 बजे से




**एक विलेन रिटर्न्स**

कलाकार- जॉन अब्राहम, अर्जुन कपूर, दिशा पटानी, तारा सुतारिया आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 3 शो ता. 05 से

दोपहर 1, 4 एवं रात्रि 10 बजे से




**रामा राव**

कलाकार- रवि तेजा, दिव्यांशु कौशिक, नस्सर, पृथ्वीराज आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 3 शो ता. 04 से

सायं 5.15, 7.30 एवं रात्रि 9.45 बजे से




**बुलेट ट्रेन**

कलाकार- ब्रैड पिट, जोय किंग, माईकल शेनन, सेन्ड्रा बुलोक आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यश भारत

# सिटी न्यूज

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

कटनी, शनिवार, 06 अगस्त 2022

## सज गया राखी का बाजार, आज से जोर पकड़ेगी ग्राहकी

### पर्व को लेकर इस बार भ्रम की स्थिति, भद्रा को लेकर दो दिन मनाया जाएगा त्योहार

**कटनी, यशभारत।** शहर में रक्षाबंधन पर्व की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। इस साल रक्षाबंधन का पर्व 11 अगस्त को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर अब 4 दिन का समय शेष रह गया है। शहर में राखी बाजार सज गया है, जहां ग्राहकी भी शुरू हो गई है। पिछले साल की तुलना में इस बार राखी और रूमाल की कीमतों में करीब 10 से 15 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है हालांकि यह पर्व ऐसा है, जिसमे महंगाई कोई मायने नहीं रखती। भाई बहन के पवित्र रिश्ते के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व का बहनों का साल भर इंतजार रहता है। इस दिन भाई की दीर्घायु के लिए बहनें कलाई में राखी बांधती हैं और बहन की रक्षा करने का वचन भाई देता है। इस बार रक्षाबंधन पर्व की तारीख को लेकर भ्रम की स्थिति है। जानकारी के मुताबिक इस साल रक्षाबंधन का त्योहार 11 और 12 अगस्त को मनाया जाएगा। इसका कारण यह है कि 11 अगस्त को पूर्णिमा तिथि प्रातः 09:35 से लगेगी और इसी समय भद्रा भी शुरू हो रही है। भद्रा रात्रि में 08:53 तक रहेगी, वहीं दूसरे दिन 12 अगस्त को प्रातः 07:16 तक पूर्णिमा रहेगी। इसका मतलब यह है कि भद्रा समय में कोई भी मांगलिक कार्य नहीं होते हैं। ऐसे में रक्षाबंधन का शुभ त्योहार भी इस काल में नहीं मनेगा, इसलिए दूसरे दिन 12 अगस्त को ही रक्षाबंधन का त्योहार मनाना शुभ रहेगा।

#### पर्व के लिए 4 दिन बाकी, कल रविवार को बाजार में उमड़ेगी भीड़



#### पूरे साल रहता इंतजार

रक्षाबंधन का बहनों को पूरे साल इंतजार रहता है। इस दिन बहनें भाईयों को राखियां बांधकर जीवन भर रक्षा का वचन लेती है। भाईयों द्वारा बहनों को तोहफे दिए जाने की परंपरा है। सदियों से चली आ रही इस परंपरा का हर साल की तरह इस बार भी निर्वाह किया जाएगा। पर्व को लेकर बहनों में अपार उत्साह देखा जा रहा है। बाजार में भीड़ के नजारे देखे जा रहे हैं। बहनों को अब केवल रक्षाबंधन पर्व का इंतजार है। कल रविवार को बाजार में खरीदी के लिए भारी भीड़ उमड़ेगी।

#### भद्रा में नहीं बांधी जाती राखी

बता दें कि रक्षाबंधन पर भद्रा काल में राखी नहीं बांधी जाती है। इसके पीछे एक पौराणिक कथा प्रचलित है। लंकापति रावण की बहन भद्रा काल में ही उनकी कलाई पर राखी बांधी थी और रक्षाबंधन का त्योहार मनाया था। 1 वर्ष के अंदर ही रावण का विनाश हो गया था, साथ ही भद्रा शनिदेव की बहन भी थी। भद्रा को ब्रह्मा जी से श्राप मिला था कि जो भी भद्रा में शुभ या मांगलिक कार्य करता है, उसे अशुभ परिणाम ही प्राप्त होगा, वहीं राखी बांधते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि भगवान की तस्वीर वाली राखी का उपयोग नहीं करना चाहिए, वैसे तो भगवान की तस्वीर वाली राखी खरीदना लोग ज्यादा पसंद करते हैं। ऐसा मानना है कि इससे भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है लेकिन राखियां लंबे समय तक कलाई पर बंधी रहती है। ऐसे में उस पर गंदे हाथ भी लगते हैं। और कई बार राखी टूट कर भी गिर जाती है। इन स्थितियों में भगवान का अपमान होता है।

#### रक्षाबंधन पर शुभ योग

आयुष्मान योग : 10 अगस्त शाम 7:35 बजे से 11 अगस्त को 3:31 बजे तक।

रवि योग : 11 अगस्त सुबह 5:30 बजे से सुबह 6:53 बजे तक।

शोभन योग : 11 अगस्त को 3:32 से 12 अगस्त को 11:33 बजे तक।

#### रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त

पूर्णिमा तिथि आरंभ : 11 अगस्त, सुबह 10 बजकर 38 मिनट से

पूर्णिमा तिथि की समाप्ति : 12 अगस्त, सुबह 7 बजकर 5 मिनट पर

शुभ मुहूर्त : 11 अगस्त को सुबह 9 बजकर 28 मिनट से रात 9 बजकर 14 मिनट

अभिजीत मुहूर्त : दोपहर 12रू06 से 12रू57 बजे तक

अमृतकाल : शाम 6:55 से रात 8:20 बजे तक

ब्रह्म मुहूर्त : सुबह 04:29 से 5:17 मिनट तक

## आज शहर में गश्त करेंगी सवारियां, कल निकलेगा अली गोल का जुलूस

**कटनी, यशभारत।** दस दिवसीय मोहर्रम पर्व की चहल-पहल अपने पूरे शबाव पर पहुंच गई है। इमाम हुसैन की शहादत के इस त्योहार को लेकर मुस्लिम समाज की तैयारियां अंतिम दौर पर पहुंच गई हैं। सभी कमेटिरयां इसमे अपनी सहभागिता दे रही हैं। पर्व को उत्साह के साथ ही शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जहां मुस्लिम समाज के वरिष्ठजन सतत सक्रिय हैं तो वहीं पुलिस एवं प्रशासन द्वारा भी अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक आज मोहर्रम आज सातवी तारीख पर रात्रि 12 बजे के बाद सवारियां शहर में गश्त करेंगी। इसमे ताजियां शामिल नहीं होंगे। कल मोहर्रम की 8 तारीख यानि 7 अगस्त को अली गोल का जुलूस शहर में निकाला जाएगा। अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट कमेटी के सदर कैस अहमद ने बताया कि कल 7 अगस्त को शाम 5 बजे सभी मोहल्ले से अली गोल का जुलूस उठेगा और दिलावर चौक में एकत्रित होगा, इसके उपरांत जुलूस दिलावर चौक से उठकर नगर निगम रोड, सुभाष चौक, अल्फर्टगंज गली, मघई मंदिर से होता कमानिया गेट के सामने से कपड़ा बाजार, झंडा बाजार, रूई मंडी, गांधी द्वार, पोस्ट ऑफिस, मुस्लिम गली के अंदर से होते हुए मीट मार्केट दिलावर चौक में पहुंचकर समाप्त होगा। इसी तरह 8 अगस्त को मोहर्रम की 9 तारीख को शहादत की रात है। इस दिन रात्रि 1 बजे से डेढ़ बजे के बीच समस्त ताजिए, सवारी अखाड़े ढोल दिलावर चौक में एकत्रित होकर रजा चौक, मौला चौक से नगर निगम, कमानिया गेट, सुभाष वार्ड, मघई मंदिर, कमानिया गेट पहुंचेगा, यहां खिरहनी फाटक का ताजिया भी कमानिया गेट पहुंचेगा। लगभग दो घंटे तक मजमा स्व. गुलाम भाई की दुकान के सामने रूकेगा और वहीं पर जुलूस का समापन होगा। देर रात कमानिया गेट पर ताजियां एकत्रित होंगी और सुबह 04:30 बजे जुलूस वापिस होगा।

### अंकुर अभियान के तहत जाग्रति पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम कल

**कटनी, यशभारत।** अंकुर अभियान के तहत जिला रेडक्रास सोसायटी के तत्वाधान में रविवार 7 अगस्त को जाग्रति पार्क में प्रातः 8 बजे वृहद् पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सिविल सर्जन एवं सचिव जिला रेडक्रास सोसायटी डॉ यशंवत वर्मा ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले सभी सहभागियों को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के लिए राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। पौधारोपण कार्यक्रम में भारतीय रेडक्रास समिति की राज्य प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष शशांक श्रीवास्तव खास तौर पर मौजूद रहेंगे। प्रबंध कार्यकारिणी समिति के चेयरमेन सुशील कुमार शर्मा और वाइस चेयरमेन लालजी शर्मा ने सभी से पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित होकर एक पौधा रोपने का आग्रह किया है। वहीं रमेश खंडेलवाल, गोविंद सचदेवा, एम जे एस लाम्बा, सारंग बजाज, अग्रज लहरिया, अंकित जैन, डॉ दीपक अग्निहोत्री, डॉ साक्षी जैन ने सभी सामाजिक संगठनों व आमजन से पर्यावरण संरक्षण के इस महती अभियान में भागीदारी की अपील की है।

### पोस्टर में उकेरे देशभक्ति के रंग



शासकीय कन्या महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पोस्टर कोलाज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर के गुप्ता, डॉ. अशोक शर्मा, श्रीमती पुष्पा कुशरे, भीम बर्मन, सुश्री भारती वर्मा, आजनेय तिवारी एवं प्रेमलाल कांवरे सहित समस्त प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं छात्राओं की उपस्थिति रही।



## कौन चलाएगा बरही नगर सरकार



### पीयूष का अमृत बरसेगा या पंडा का झंडा गड़ेगा, कल होगा क्लीयर

**बरही, यशभारत।** कल 7 अगस्त बरही के विकास में एक नई रोशनी का आगाज होना है। यह तो तय है कि नगर परिषद में भाजपा की ही नगर सरकार बनेगी। अध्यक्ष पद का ताज किसके सिर सजेगा, यह अभी तक तय नही है लेकिन प्रबल दावेदारों में दूसरी बार परिषद में पहुंचने वाले विधायक प्रतिनिधि पीयूष अग्रवाल और 4 बार से लगातार पार्षद का चुनाव जीतने वाले पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुरेश सोनी पंडा शामिल है। इन दोनों नामों को लेकर अटकलें तेज है और कयासों का दौर जारी है। यह तो कल ही तय होगा की बरही नगर की सरकार चलाने के लिए पीयूष का अमृत बरसेगा या फिर पंडा का झंडा नगर परिषद में फहराएगा। भाजपा 8 पार्षदों के साथ पूर्ण बहुमत में है, जबकि कांग्रेस के पास 6 पार्षद है, जबकि 1 निर्दलीय है।

#### ये भी कर रहे हर संभव प्रयास

नगर परिषद बरही में पार्षद पीयूष अग्रवाल, सुरेश सोनी पंडा के अलावा 5 बार चुनाव जीतने वाले पार्षद हीरालाल महतेल, पहली बार परिषद में पहुंची पूर्व नपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र सोनी बग्घा की धर्मपत्नी ममता सोनी भी अध्यक्ष पद की कुर्सी हासिल करने हर संभव प्रयास करने में जुटे हुए है। उपाध्यक्ष पद पर कौन आसीन होगा, इसके लिए सभी तटस्थ नजर आ रहे है। सभी का ध्यान सिर्फ अध्यक्ष की कुर्सी में टिकी हुई है। अध्यक्ष बनने का ख्वाब सजोने वाले पार्षदों की अंतिम उम्मीद विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के ऊपर टिकी हुई है। पार्षदों की स्थिति का आंकलन करने के बाद ही निर्णय होगा।

#### पीयूष को हटाने पर्दे की राजनीति

उधर चर्चाओं के मुताबिक भाजपा का एक खेमा चाहता है कि पीयूष अग्रवाल के सिर नगर परिषद अध्यक्ष पद का ताज सज जाए, जबकि दूसरा खेमा किसी भी सूरत में पीयूष अग्रवाल को अध्यक्ष बनाना पसन्द नहीं कर रहे हैं, इसके लिए पर्दे के अंदर से राजनीति के इस खेल में दूसरे खेमे की कूटनीति विधायक पर कितना असर करेगी, यह तो कल अध्यक्ष पद का निर्वाचन होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा लेकिन दूसरा खेमा यह चाहता है कि पीयूष के अलावा सुरेश सोनी पंडा, हीरा महतेल या ममता सोनी को भले ही अध्यक्ष की कुर्सी मिल जाए। अब देखना है कि कल अध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान क्या होता है।

## आधार कार्ड, फोटो व परिचय पत्र लेकर आदिवासी के नाम पर ले ली केसीसी की राशि

### जमीन न होने के बाद भी आदिवादी को बैंक ने भेजा रिकवरी का नोटिस, पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत, कार्रवाई की मांग

**कटनी/रीठी, यशभारत।** रीठी तहसील के बिलहरी चौकी के अंतर्गत ग्राम मुरावल के एक आदिवासी ने अपने साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि उसकी अनभिज्ञता का नाजायज फायदा उठाते हुए पंचायत में चल रहे रोजगार गारंटी में काम दिलाने की बात बताकर पीड़ित से आधार कार्ड, फोटो व परिचय पत्र लेकर कोरे कागज पर दस्तखत कराकर कुछ लोग ले गए।

पीड़ित का आरोप है कि उसे झांसा देकर कागज ले गए। शिकायतकर्ता सुजान सिंह पिता प्रताप सिंह निवासी ग्राम मुरावल थाना कुठला चौकी बिलहरी के नाम से बैंक मैनेजर से मिलीभगत व सांठगांठ करके केसीसी की राशि निकालकर हड़प लिया। पीड़ित को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं थी। इस बात का पता पीड़ित को तब लगा, जब केनरा बैंक से 3 लाख 75 हजार 240 का नोटिस मिला। नोटिस देखने के बाद गरीब आदिवासी के होश उड़ गए, जिसकी शिकायत उसने पुलिस



अधीक्षक सुनील कुमार जैन को लिखित रूप से की है। एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है, जबकि पीड़ित का कहना है कि उसके नाम पर एक इंच जमीन नहीं है। ऐसे में जालसाजों व केनरा बैंक कटनी शाखा द्वारा मिलकर साजिश के तहत केसीसी की राशि निकाली गई और अब उसके नाम से वसूली का नोटिस आ रहा है। गरीब आदिवासी हैरान और परेशान है। उसने पुलिस की मदद ली है, फिलहाल पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है।



## बरही में 8 को निकलेगी विशाल कावंड़ यात्रा

**बरही, यशभारत।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बरही में विशाल कांवड़ यात्रा 8 अगस्त सोमवार को निकलेगी। इस संबंध में यात्रा के सूत्रधार राहुल राज सोनी ने बताया की गत वर्ष की तरह इस साल भी कांवड़ यात्रा मां काली धाम कोनिया से प्रारंभ होकर विजयनाथधाम बरही पहुंचेगी। स्थानीय स्तर की इस यात्रा में समूचे बरही-विजयराघवगढ़ के साथ ही पड़ोसी जिला उमरिया, शहडोल, सीधी, सतना जिले के भी भोलेभक्त इस विशाल कांवड़ यात्रा में सहभागिता निभाने पहुंच रहे है। मां काली धाम स्थित महानदी का जल लेकर बम-बम का जयकारे लगाते हुए भोलेभक्त रवाना होंगे। विजयनाथधाम बरही पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। बरही में निकलने वाली कांवड़ यात्रा में 1 हजार से अधिक भोलभक्तों की पहुंचने की संभावना व्यक्त की गई है। बरही में निकलने वाली कांवड़ यात्रा का यात्रा मार्ग उबरा, डोली मार्ग, कटनी मार्ग में जगह-जगह भव्य स्वागत करने की भी तैयारी की गई है। नगर में यात्रा को भव्यता प्रदान करने के लिए बैनर-फ्लेक्स लगाए गए है।

#### मां कालीधाम कोनिया से विजयनाथधाम बरही पहुंचेगी यात्रा

## कल्चर ऑफ एजुकेशन विकसित करें शिक्षक

### नवनियुक्त माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों के इंडक्शन प्रशिक्षण में पहुंचे कलेक्टर

**कटनी, यशभारत।** जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित इंडक्शन प्रशिक्षण में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने नवनियुक्त माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों से संवाद किया। कलेक्टर ने संवाद के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने हेतु निम्नानुसार निर्देश दिए। सभी शिक्षक कल्चर ऑफ एजुकेशन विकसित करें। शिक्षको पर पूरा भरोसा है कि वे वर्तमान तस्वीर को और बेहतर करेंगे। छात्रों का आकलन प्रतिदिन करते हुए गैप फिलिंग करें। केवल भवन से नहींएशिक्षकों के समर्पण से बनते हैं स्कूल बेहतर। प्राचार्य और शिक्षक विद्यार्थियों के लिए आदर्श बनें। इसके लिए उन्हें खुद समय और अनुशासन का पालन करना है। सभी बच्चे शिक्षको के बच्चे हैंए इस भाव से बच्चों से जुड़कर अध्यापन करें। शिक्षको के पहनावे और आचरण से बच्चे बहुत सीखते हैं, इनके प्रति सजग रहें शिक्षक। बच्चे यूनिफार्म में आएं। पालकों के साथ हर विद्यालय के शिक्षक मीटिंग करते हुए बच्चों की प्रगति की जानकारी दें। कोरोना के दौरान लर्निंग लास को पूरा करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करें शिक्षक। शिक्षक स्वप्रेरणा से कार्य करें। प्राचार्य शिक्षकों की कक्षा में बैठकर उनके अध्यापन को ऑब्जर्व करें एवं बेहतर करने हेतु सुझाव दें। अंग्रेजी विषय के शिक्षक बच्चों में अंग्रेजी भाषा में संवाद की दक्षता विकसित करें। इसके लिए वे कक्षा में अनुकूल वातावरण बनाएं। सभी प्राचार्य और शिक्षक अपने कार्य का फीडबैक लें और उनमें सुधार करें। शैक्षणिक कार्य प्राथमिकता से करें। जिला शिक्षा अधिकारी विद्यालयों के निरीक्षण का रोस्टर तैयार करें। जिला स्तर से निरीक्षण होगें। जिन शिक्षकों ने उत्कृष्ट कार्य किए हैं उन्हें पंद्रह अगस्त को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे। सी एम राइज विद्यालय के शिक्षक विद्यालय को उच्च गुणवत्ता का बनाएं। आधुनिक तकनीकी का शिक्षा में प्रयोग करें। विद्यालय चुंबक की तरह हों जिनमें बच्चे खिंचे चले आएं। शिक्षकों और बच्चों के बीच का संवाद अत्यंत महत्त्वपूर्णए इसे योजना बनाकर करें। शिक्षक रीडिंग हैबिट्स विकसित करें ताकि वे प्रत्येक विषय पर गहरी समझ के साथ बच्चों से बात कर सकें। नवनियुक्त शिक्षकों से कलेक्टर की चर्चा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पी पी सिंह, डाइट प्राचार्य बी बी दुबे, सेवानिवृत सहायक संचालक आर एस पटेल, पुष्पेंद्र पांडे नोडल इंडक्शन प्रशिक्षण राजेश अग्रहरी, आर एमएस एपीसी अभय जैन नोडल व्यवसायिक शिक्षा मुकेश द्विवेदी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समन्वय डाइट व्याख्याता राजेंद्र असाटी ने किया।





## अखंड रामचरितमानस पाठ की वर्षगांठ पर होगा विशाल भंडारा

**कटनी/रीठी, यशभारत।** जिले के रीठी तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत भरतपुर के बाराती तालाब स्थित हनुमान मंदिर में चल रहे अखंड रामचरितमानस पाठ के 1 साल आगामी 9 अगस्त को पूरे हो रहे हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्रीयजनों के सहयोग से भरतपुर के बाराती तालाब हनुमान मंदिर में विगत 1 साल से अखंड रामचरितमानस पाठ का वाचन किया जा रहा है। 9 अगस्त को 1 वर्ष पूर्ण होने पर ग्रामीणों ने जनसहयोग से यहां विशाल भंडारा का कार्यक्रम आयोजित किया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं खुशहाली के लिए जनता द्वारा पिछले 1 वर्ष से हनुमान मंदिर बाराती तालाब में अखंड रामचरितमानस पाठ किया जा रहा है। भंडारे का कार्यक्रम 9 अगस्त को किया जाएगा, जिसमें आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ

Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है

SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा

जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI

Millal MALL

Paytm

bookmyshow

From 29th July 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# नेमावर में 6 हजार एकड़ जमीन पर बनेगा देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट

## अथॉरिटी ने दी तकनीकी स्वीकृति



**भोपाय,शभारत।** मध्य प्रदेश में देश का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनना लगभग तय हो गया है। यह एयरपोर्ट प्रदेश में देवास जिले के नेमावर क्षेत्र में बनेगा। जिसके लिए 6 हजार एकड़ जमीन अधिग्रहित की जाएगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इस एयरपोर्ट के लिए तकनीकी स्वीकृति दी है। जिसके बाद अब यह प्रस्ताव मुख्य सचिव के पास पहुंचा है। बता दें कि इस एयरपोर्ट से भोपाल और इंदौर के बीच रीजनल रेल कनेक्टिविटी विकसित होगी। देवास का यह एयरपोर्ट यात्री सेवा के साथ कार्गो और लॉजिस्टिक हब को बढ़ावा देने के एक विकल्प बनेगा भी साबित हो सकेगा। साथ ही इस परियोजना से 5 से 6 लाख लोगों को रोजगार मिलने के भी अवसर मिलेगा। और सब ठीक रहा तो जनवरी 2023 को भूमिपूजन होगा। दरअसल मार्च 2022 में इसके लिए केंद्रीय मंत्री ने स्वीकृति दी थी। जिसके बाद मप्र इंडस्ट्री डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने जमीन की योजना को लेकर शासन को प्रस्ताव दिया। अब एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने तकनीकी स्वीकृति दे दी है। एयरपोर्ट अथॉरिटी कई पैमानों पर जमीन को परखा और और उसके बाद ही यह निर्णय लिया। इस प्रोजेक्ट पर मप्र इंडस्ट्री डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की एक अलग टीम काम कर रही है। औद्योगिक निवेश एवं नीति प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव और प्रमुख सचिव संजय शुक्ल इस संबंध में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन संजीव कुमार से चर्चा कर चुके हैं।

### दुधमुंही बच्ची को रेलवे स्टेशन पर लावारिस छोड़कर गायब हुई मां, गिरफ्तार

**भोपाल,यशभारत।** शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने चार माह की बच्ची को उज्जैन के रेलवे स्टेशन पर लावारिस छोड़कर गायब होने के आरोप में उसकी मां को गिरफ्तार किया है। जीआरपी की एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जीआरपी की पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता ने संवाददाताओं को बताया कि 40 वर्षीय महिला ने उज्जैन रेलवे स्टेशन के पैदल पुल के पास अपनी दुधमुंही बच्ची को 25 जुलाई को लावारिस छोड़ दिया था और रेलवे स्टेशन से चुपचाप बाहर निकल गई थी। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखकर महिला की पहचान की गई और उसे भारतीय दंड विधान की धारा 317 (मां द्वारा उसके शिशु को असुरक्षित हालात में लावारिस छोड़ना) के तहत गिरफ्तार किया गया। गुप्ता ने बताया, महिला ने पूछताछ में कहा कि उसका शादी के आठ साल बाद पति से तलाक हो चुका है जिससे उसे दो पुत्रियां हैं। महिला के मुताबिक उसने जिस दुधमुंही बच्ची को उज्जैन रेलवे स्टेशन पर लावारिस छोड़ा था, वह अन्य व्यक्ति से उसके संबंध के चलते जन्मी है।

# करोड़पति क्लर्क की पत्नी के नाम कई संपत्तियां, उसे भी बनाया आरोपी



**भोपाल ,यशभारत।** मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग के करोड़पति क्लर्क हीरो केसवानी बुरी तरह फंस गए हैं। उन्होंने ज्यादातर संपत्तियों को अपनी पत्नी नैना केसवानी के नाम पर खरीदा था। अब आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने हीरो की पत्नी को भी आरोपी बनाया है। नैना केसवानी यूं तो गृहिणी हैं, लेकिन अब उन्हें भी इस केस में आरोपी की तरह सवालों के जवाब देने होंगे। ईओडब्ल्यू को क्लर्क हीरो केसवानी के घर से अब तक जांच में 86 लाख नकद, 5 लाख की ज्वैलरी और एक दर्जन प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले है। इस संपत्ति की कीमत चार से पांच करोड़ रुपये के करीब है। केसवानी ने अपनी पत्नी नीना केसवानी के नाम पर अधिक संपत्तियां खरीदी है। इसके अलावा केसवानी परिवार के बैंक खातों में भी ज्वैलरी और लाखों रुपये मिले हैं। अब ईओडब्ल्यू की टीम नीना केसवानी के नाम से खरीदी गई प्रॉपर्टी की जांच कर रही है। ईओडब्ल्यू ने हीरो केसवानी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया है। नीना को सह-आरोपी बनाया गया है। केसवानी के दो लड़के हैं। बड़ा लड़का प्राइवेट जॉब करता है। छोटे बेटे की कुछ दिन पहले ही क्लर्क के तौर पर सरकारी नौकरी लगी है। केसवानी के घर पर छापा मारने गई टीम उसका घर देखकर हैरान रह गई। आरोपी का बैरागढ़ स्थित भवन ही लगभग 15 करोड़ रुपये मूल्य का है। हीरो केसवानी के तीन मंजिला आलीशान भवन तथा इसके प्रत्येक फ्लोर में सजावट के कार्य को देखकर ईओडब्ल्यू की टीम भी आश्चर्यचकित रह गई। इस भवन के प्रत्येक कमरे में पैनलिंग और वुडन वर्क कराया गया है। छत पर आलीशान पेंटहाउस बनाया है।

# मप्र में बदला मौसम का मिजाज, भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने दिया अलर्ट

**भोपाल,यशभारत। मध्य प्रदेश के कई इलाकों में कल पूरे दिन बारिश होता रहा। मौसम विभाग ने बताया है कि अगले 24 घंटों में मालवा-निमाड़ क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना है। लगातार बढ़ रहे उमस के बाद आई इस बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।**

### अगले एक हफ्ते तक बारिश की संभावना

मौसम विभाग ने आज के मौसम को लेकर अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि नर्मदापुरम, उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर संभाग के कई जिलों में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले एक हफ्ते तक राज्य के कई जिलों में बारिश होती रहेगी।

### पश्चिमी विक्षोभ से बदल रहा मौसम का मिजाज

मौसम विभाग का कहना है कि मौसम में यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रहा है। अचानक से नमी बढ़ने से झमाझम बारिश देखने को मिल रही है। सनद रहे कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से और अरब सागर में चक्रवाती घेरा बनने से कुछ दिन ऐसे ही बारिश होती रहेगी।

### अगले 24 घंटों में इन संभागों के कई जिलों में होगी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार नर्मदापुरम, उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर संभाग के कई जिलों में बारिश की संभावना है।

### येलो अलर्ट जारी

बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, उज्जैन, देवास, मंदसौर, नीमच जिलों में येलो अलर्ट जारी। इन इलाकों में हो सकती है भारी बारिश।

### इन संभागों में होगी कहीं-कहीं बारिश

मध्य प्रदेश के भोपाल, शहडोल, सागर, जबलपुर संभागों के जिलों में कुछ स्थानों पर अगले 24 घंटों में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया है कि चंबल, रीवा संभागों के जिलों में भी कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।

### शिवराज बोले- देख रहा है बिनोद, ये कांग्रेसी अब तिरंगे पर भी राजनीति कर रहे हैं

**भोपाल,यशभारत।** मध्यप्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान पर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ पर शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार किया है। उन्होंने चर्चित वेब सीरीज पंचायत के डायलॉग का इस्तेमाल कर कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने ट्वीट किया- देख रहा है बिनोद, ये कांग्रेसी अब तिरंगे पर भी राजनीति कर रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पंचायत वेब सीरीज के डायलॉग से कांग्रेस और कमलनाथ पर निशाना साधा है। इससे पहले कमलनाथ ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा था कि जिनका तिरंगे से कभी प्रेम नहीं रहा, वो आज तिरंगे के सम्मान की बात कर रहे है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का आजादी के संघर्ष में कोई योगदान नहीं, जिनके दल में एक भी ऐसा महापुरुष नहीं, जिसने आजादी की लड़ाई लड़ी हो, जिनका तिरंगे से कभी प्रेम नहीं रहा, वो आज तिरंगे के सम्मान की बात कर रहे हैं। तिरंगे के सम्मान के नाम पर वो खुद को देशभक्त बताने का प्रयास कर रहे हैं, उनकी देशभक्ति आजादी के संघर्ष में सभी ने देखी है।

# मेधावी स्कीम बदलेगी, नहीं रुकेगी सरकारी फीस

## ञ्छह लाख तक आय वाले स्टूडेंट एक बार स्कीम से जुड़ेऔर बाद में कमाई 10 लाख भी हो



**भोपाल , यशभारत।** सरकारी फीस से वंचित रह रहे मप्र के लाखों स्टूडेंट्स को जल्द ही बड़ी खबर मिलने वाली है। राज्य सरकार मेधावी स्कीम में बड़ा बदलाव करने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक इसमें सबसे अहम बात यह होगी कि छह लाख रु. तक की आय सीमा वाले स्टूडेंट्स यदि एक बार इस स्कीम से जुड़े और बाद में उनकी आय 10 लाख या उससे भी ज्यादा हो जाती है, तो भी उन्हें स्कीम से नहीं हटाया जाएगा। यानी पढ़ाई पूरी होने तक राज्य सरकार ही उनकी फीस भरेगी। अभी छह लाख रु. से ज्यादा आय ब?ते ही स्टूडेंट? को स्कीम से हटा दिया जाता है। इस कारण लाखों बच्चों को आगे की प?ाई पूरी करने में आर्थिक दिक्कत आती है। तकनीकी शिक्षा विभाग ने स्कीम में बदलाव की तैयारी पूरी कर ली है।

बीते मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में भी इस मुद्दे को एक्स एजेंडे के रूप में लाया गया था, लेकिन इस पर चर्चा नहीं हो पाई। अब इसे अगली कैबिनेट में लाने की तैयारी है। स्कीम में आय सीमा के साथ तीन अहम बदलाव करना प्रस्तावित है। कैबिनेट से अप्रूवल मिलते ही मेधावी स्कीम का दायरा बढ़ जाएगा।

**तीन बदलाव प्रस्तावित** - अभी दूसरे साल 6 लाख से ज्यादा और 7.50 लाख से कम वालों की फीस ही भरी जाती थी

1. पिता या पालक की आय सीमा छह लाख रुपए से कम के प्रावधान के तहत एक बार योजना के पात्र हो गए तो पढ़ाई खत्म होने तक फीस भरी जाएगी। अभी स्थिति ¬ पात्रता हासिल करने के बाद यदि दूसरे साल आय छह लाख से ज्यादा और 7.50 लाख रुपए से कम है तो ही फीस भरी जाती थी। इसके बाद छात्र-छात्रा को स्कीम से बाहर कर दिया जाता था। अभिभावकों से हर साल आय का प्रमाण-पत्र भी लिया जाता था।

2. पॉलिटेक्निक व ई-फार्मा के छात्रों को क्रमश¬ बीई सेकंड ईयर या बी-फार्मा में प्रवेश (लेटरल एंट्री) लेने पर स्कीम का लाभ मिलेगा। अभी स्थिति ¬ लेटरल एंट्री लेने पर स्कीम की पात्रता हासिल नहीं होती थी।

3. नीट और क्लेट में प्रवेश की पात्रता परीक्षा पास करने वालों की रैंक फिक्स होगी जो क्रमश¬ 50 हजार और 3 हजार तक रहेगी। इसके बाद छात्रों को नहीं लिया जाएगा। अभी स्थिति ¬ कोई मैरिट नहीं थी। मप्र के मूल निवासी शासकीय कॉलेज में प्रवेश लेते थे, उनकी फीस जमा हो जाती थी।

### स्कीम में संशोधन से 7.5 करोड़ का भार

स्कीम में संशोधन के बाद राज्य सरकार पर तकरीबन 7.5 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। अभी स्कीम में शामिल स्टूडेंट ?स की सालाना 150 से 160 करोड़ रु. से अधिक फीस भरी जाती है।

### इसमें कोई बदलाव नहीं

मेधावी विद्यार्थी योजना में कुछ प्रावधान पूर्व की तरह ही रहेंगे। इसमें मप्र का मूल निवासी होना, एमपी बोर्ड में 12वीं की परीक्षा में 70प्रश या इससे अधिक अंक, सीबीएसई-आईसीएसई में 85त्न या इससे अधिक अंक आदि लागू रहेंगे। जेईई-मेंस में रैंक की मैरिट 1 लाख 50 हजार तक रहेगी। सरकारी कॉलेज की पूरी फीस भरी जाएगी, जबकि निजी कॉलेज की 1 लाख 50 हजार तक या वास्तविक फीस जो भी दी जाएगी।

# राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में पेश किया ओबीसी का डाटा

**जल्द हो सकता है फैसला, 16 अगस्त को होगी सुनवाई**

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट के निर्देश पर ओबीसी का डाटा पेश कर दिया है। इस रिकार्ड के आधार पर आगे दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने जनसंख्या का डेटा प्रस्तुत किया था। जिसके बाद शिवराज सरकार ने प्रतिनिधित्व का डेटा पेश किया।उक्त डेटा में कुल स्वीकृत पदो की संख्या 3,21,944 में से ओबीसी वर्ग को मात्र 43,978 पद अर्थात 13.66त्न आरक्षित बताया गया है। यह डेटा हाईकोर्ट में प्रस्तुत किए जा चुके हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप अभी पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट हाईकोर्ट में प्रस्तुत किया जाना शेष है। लेकिन कोर्ट में पेश किए गए आंकड़ों को लेकर ओबीसी संयुक्त मोर्चा ने आपत्ति जताई है। पदाधिकारी ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों की संख्या गलत बताई गई हैं। रिपोर्ट में निगम मंडल, निकाय कर्मचारियों को नहीं जोड़ा गया है। उन्होंने मांग की है कि नए सिरे से ओबीसी कर्मचारियों की गणना हो। जानकारी के अनुसार एमपी में 1994 से पहली बार ओबीसी को 14 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। लेकिन तत्कालीन कमलनाथ ने कांग्रेस सरकार में इसे 27 प्रतिशत कर दिया था। और बादमे हाईकोर्ट में कई याचिकाएं लगाई गई। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में ओबीसी आरक्षण से संबंधित कई मामले विचाराधीन हैं। साथ ही 16 अगस्त 2022 को फाइनल सुनवाई के लिए नियत की गई है। बता दें कि 1 अगस्त 2022 को प्रशासनिक न्यायाधीश शील नागू व न्यायमूर्ति वीरेंद्र सिंह की युगलपीठ के समक्ष मामला सुनवाई के लिए निर्धारित था।

# सिंगरौली की डिप्टी कलेक्टर 11 अगस्त को केबीसी की हॉटसीट पर नजर आएंगी



**भोपाल,यशभारत।** मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले की डिप्टी कलेक्टर संपदा सर्राफ की चर्चा हो रही है। वजह उनका ञ्कौन बनेगा करोड़पतिज् में आना है। 11 अगस्त को महानायक अमिताभ बच्चन के साथ वह केबीसी की हॉटसीट पर नजर आएंगी। चैनल की ओर से दिखाए गए इसके प्रोमो में बिग बी महिला अफसर के आगे का हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए नजर आए। वह अपनी सीट से खड़े होकर हाथ जोड़कर सिर झुकाते हुए कहते हैं- आप तो सरकार हैं। हंसती हुई डीसी कहती हैं कि नहीं आप सरकार हैं। केबीसी का ये पूरा एपीसोड शूट हो गया है, जिसका प्रसारण 11 अगस्त को होगा।सिंगरौली जिले की डिप्टी कलेक्टर संपदा सर्राफ 11 अगस्त को टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में नजर आएंगी। वह बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के सामने हॉटशीट पर बैठकर उनके प्रश्नों का जवाब देंगी। कार्यक्रम की शूटिंग पिछले सप्ताह पूरी कर ली गई है। 11 अगस्त को टीवी पर इस शो का प्रसारण किया जाएगा।

### संपदा ने कहा- अमिताभ ने बढ़ाया हौसला

सिंगरौली जिले में पदस्थ संपदा सर्राफ ने बताया कि केबीसी के सेट पर महानायक से मिलने का जो अवसर मिला है उससे वह काफी अभिभूत है उन्होंने बताया की अमिताभ बच्चन बहुत ही सहज है उन्होंने केबीसी खेल में उनका उत्साह बढ़ाया। डिप्टी कलेक्टर ने बताया कि यह कार्यक्रम उनके जीवन अलग अनुभव है। उसे वह कभी भुला नहीं सकेंगी। सुपर स्टार अमिताभ बच्चन से मिलने और उनसे बातचीत करने का मौका मिला। केबीसी कार्यक्रम में उन्हें देश देखेगा। इसको लेकर भी वह काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि हॉट सीट तक पहुंचना वाकई बहुत कठिन सफर है। फास्टर फिंगर फास्ट में पहुंचने वाले सभी प्रतिभागी टैलेंटेड होते हैं उनके सामने खुद के टैलेंट को दिखाते हुए आगे बढ़ना और हॉट सीट पर पहुंचना सहज नहीं होता है।डिप्टी कलेक्टर संपदा सर्राफ का केबीसी के लिए चयन के बाद पहले भोपाल में ऑडिशन हुआ उसके बाद में उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुंबई बुलाया गया। अमिताभ बच्चन के सामने हॉट शीट पर बैठकर सवालों व जवाबों पर आधारित कार्यक्रम की शूटिंग पूरी हो गई है। अब 11 अगस्त को इसका टीवी पर प्रसारण होगा।

### ED, GST, महंगाई को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, बीजेपी ने कहा जनता का ध्यान भटकाने के लिए किया ढोंग

**भोपाल,यशभारत।** राजधानी दिल्ली में महंगाई, ईडी, जीएसटी और बेरोजगारी जैसे तमाम कई मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस सांसदों को राष्ट्रपति भवन जाने से रोक दिया गया। साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पुलिस ने अपना हिरासत में ले लिया है। जिसके बाद कांग्रेस के कई सांसदों ने सड़क पर ही धरना दे दिया है। इस प्रदर्शन का असर एमपी में भी देखने को मिला। भोपाल में भी महंगाई, बेरोजगारी, अग्निपथ योजना और रोजमर्रा की जरूरी चीजों पर त्रस्ञ्ज बढ़ाने के विरोध में कांग्रेस ने बड़ा आंदोलन किया। रोशनपुरा चौराहे से पैदल मार्च करते हुए राजभवन का घेराव करने जाने लगे उसी बीच पुलिस ने उन्हें रोक दिया।इसके बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व केंद्रीय सुरेश पचौरी, क्रांतिलल भूरिया समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। जिन्हें पुलिस ने हटा दिया। और कुछ देर प्रदर्शन करने के बाद सभी नेता और कार्यकर्ता लौट गए। दरअसल कांग्रेस के आंदोलन के चलते भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था लेकिन कांग्रेस राजभवन के घेराव करने पर अड़े हुए थे। बावजूद वे घेराव करने जा नहीं सके और करीब पौन घंटे के बाद आंदोलन खत्म हो गया। राजभवन के घेराव करने से रोकने पर कांग्रेस सड़क पर ही धरने पर बैठ गए थे। इस प्रदर्शन के बाद कैबनिट मंत्री विश्वास सारंग ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिना किसी एजेंडे और बिना किसी मुद्दे के जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश करती है।

# खुद की फार्मेसी से मरीजों को सस्ती दरों पर दवा उपलब्ध कराएगा एम्स भोपाल



**भोपाल,यशभारत।** एम्स भोपाल में मरीजों को आसानी से और सस्ती दवाएं मिल सकें, इसके लिए खुद की फार्मेसी खोलकर यहां से मरीजों को दवाएं बेची जाएंगी। साथ ही अमृत फार्मेसी में दवा के लिए लंबी कतार को कम करने के लिए काउंटर बढ़ाए जाएंगे। यह बात एम्स भोपाल के नए कार्यपालक निदेशक प्रो. (डा.) अजय सिंह ने कही। शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अस्पताल का दौरा किया। डा. सिंह ने ओपीडी, अमृत फार्मेसी, लैब आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थी, फेकल्टी, नर्सिंग स्टाफ और सभी विभागाध्यक्षों से मुलाकात की। स्तनपान सप्ताह के तहत चल रहे जागरूकता अभियान में भाग लिया और इसके लिए एक रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि डा. अजय सिंह लखनऊ में किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में लंबे समय तक पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक्स के प्राध्यापक रहे हैं। अभी वह पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट आफ चाइल्ड हेल्थ नोएडा में निदेशक के पद पर थे। डा. सरमन सिंह के सेवानिवृत होने के बाद नवंबर 2021 से एम्स भोपाल के निदेशक का प्रभार एम्स रायपुर के निदेशक डा. नितिन नागरकर संभाल रहे थे।

### नए निदेशक के समक्ष यह हैं चुनौतियां

- एम्स में फैकल्टी के 305 पदों में से 80 खाली हैं।
- कुल 960 बिस्तर में से अभी 860 ही शुरू हो पाए हैं।
- हर साल चार-पांच फैकल्टी छो ?कर जा रहे हैं।
- एम्स में फेकल्टी के बीच गुटबाजी भी है।

# बाघों की सुरक्षा और सुविधा के आधार पर तय होगी मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व की रैंक



**भोपाल,यशभारत।** प्रदेश के कान्हा, बांधवग ?, पेंच, सतपड़ा, संजय दुबरी और पन्ना टाइगर रिजर्व का मैनेजमेंट इफेक्टिवनेस इवैल्युएशन (एमईई) सर्वे किया जा रहा है। इसमें पार्कों में बाघों की सुरक्षा, सुविधा और प्रबंधन के आधार पर रैंकिंग की जाएगी। सर्वे शुरू हो चुका है। इसमें देखा जा रहा है कि पार्कों में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं। पिछला सर्वे वर्ष 2018 में हुआ था, जिसकी देशव्यापी रिपोर्ट जारी की गई थी। जिसमें प्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व और केरल के पेरियार पार्क को बराबर अंक मिले थे।

### सर्वे में यह देखा जा रहा

सर्वे के दौरान देखा जा रहा है कि पार्क प्रबंधन ने एनटीसीए को प्रबंधन प्लान भेजा है या नहीं। एनटीसीए की गाइड लाइन का कितना पालन किया जा रहा है। पार्क में बाघों के लिए पर्याप्त खाने और पानी का प्रबंध है या नहीं। बाघों की मौत की क्या स्थिति है। इसमें प्राकृतिक, आपसी लड़ाई, शिकार से कितनी मौत हुई हैं। बाघ कारीडोर और बाघ-मानव द्वंद की घटनाएं कितनी हो रही हैं और उसके कारण क्या हैं? पार्क में पर्यटन, पर्यटकों के लिए सुविधाएं और पर्यटकों के पांच साल के अनुभवों को भी सर्वे में शामिल किया गया है। यह भी देखा जा रहा है कि पार्क प्रबंधन ने अपनी ओर से बाघ प्रबंधन के क्या उपाय किए हैं।

### पेंच को मिले थे 93.75 अंक

वर्ष 2018 में 50 पार्कों का सर्वे कराया गया था। इसमें से देश के 21 टाइगर रिजर्व की रैंकिंग जारी की गई थी। जिसमें पेंच टाइगर रिजर्व को सौ में से सबसे अधिक 93.75 अंक मिले थे। वहीं प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व को 92.97 और सतपु ?ा को 90.63 अंक मिले थे। जबकि 93.75 अंक लेकर केरल का पेरियार पार्क बराबर में रहा था। उल्लेखनीय है कि देश में वर्ष 2006 से एमईई सर्वे की शुरूआत हुई है, जो प्रत्येक चार साल में कराया जाता है।

### लंबे समय से अटके पीएससी के परिणाम, विरोध में उतरे अभ्यर्थी, मुख्यालय को घेरा

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग की परीक्षाओं के परिणाम लगभग पिछले तीन साल से अटके हैं। ओबीसी आरक्षण को लेकर अब तक कोई निर्णय नहीं आया है। इसी कारण पीएससी परीक्षाओं के नतीजे घोषित नहीं कर रहा है। दरअसल नतीजों में देरी से परेशान अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। लगभग 500 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने पीएससी मुख्यालय का घराव किया। जानकारी के अनुसार राज्यसेवा परीक्षा 2019 ,2020 और 2021 के नतीजे भी पीएससी ने घोषित नहीं किए हैं। और इसका मुख्य कारण 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर स्थिति साफ नहीं होना है। अभ्यर्थियों के अनुसार पीएससी की परीक्षाओं की तैयारी करने वाले और भाग लेने वाले ज्यादातर विद्यार्थी इंदौर से बाहर के हैं। मध्यमवर्गीय परिवारों के ये अभ्यर्थियों के पढ़ाई का खर्च अब घरवालों ने भेजना भी बंद कर दिया है। लेकिन पीएससी रिजल्ट नहीं दे रही। इसके कारण कई अभ्यर्थी आयुसीमा से बाहर रहें हैं या मेडिकली अनफिट। बता दें कि शुक्रवार सुबह करीब 11.30 बजे भंवरकुआ भोलाराम उस्ताद मार्ग से 500 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने तिरंगा यात्रा निकालकर पीएससी मुख्यालय का घेराव किया।

# प्लांट का पॉवर कट होने पर कंट्रोल रूम को दें सूचना-कलेक्टर

## जल प्रदाय योजना के वॉटर प्लांट का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश





**कटनी,यशभारत।** जल प्रदाय योजना के प्लांट की बिजली सप्लाई यदि बंद होती है तो विभाग के अधिकारियों को सूचना देने के साथ ही जिला स्तरीय कंट्रोल रूम को भी सूचना दें, ताकि विद्युत सप्लाई को जल्द से जल्द से चालू कराया जा सके। जिस स्थान से पानी की सप्लाई होती है, वहां पर भूतपूर्व सैनिक की चौकीदार के रूप में तैनाती करें। हजारों लोगों को प्लांट से पानी की सप्लाई होती है इसलिए सप्लाई स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। यह निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बड़वारा विकासखंड के बिजौरी में मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा स्थापित करनपुरा-1 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के वॉटर प्लांट के निरीक्षण के दौरान जल निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्लांट से होने वाली की सप्लाई संबंधी जानकारी ली। जिसमें जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि 5 किमी. दूर से महानदी से प्लांट तक मशीनों के जरिए पानी पहुंचता है और यहां से फिल्टर होकर बड़वारा विकासखंड के 46 गांवों को पानी पहुंचाया जा रहा है। प्लांट के जरिए लगभग 1 लाख लोगों तक पानी पहुंच रहा है। कलेक्टर ने प्लांट की क्षमता, पानी की गुणवत्ता सहित सुरक्षा के इंतजामों की जानकारी ली। उन्होंने वॉटर सप्लाई के लिए बनाए गए स्थलों के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से बेहतर इंतजाम करने और गांवों में पानी की सप्लाई कार्य में लगे 54 वॉल्ब मेनों को यूनीफार्म उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें प्रशिक्षित करने के भी निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्लांट में पौधारोपण करते हुए परिसर को हरा-भरा बनाने के भी निर्देश प्रदान किए।

### परिसर में रोपे पौधे

वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में कलेक्टर श्री मिश्रा ने जल निगम व संचालन करने वाली एजेंसी के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ पौधारोपण भी किया। उन्होंने परिसर में आम का पौधा लगाया और अन्य जनों ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इस दौरान पीएचई कार्यपालन यंत्री एसएल कोरी, जल निगम के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### स्व सहायता समूह की रोपणी का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री मिश्रा ने बड़वारा विकासखंड के भ्रमण के दौरान शासकीय रोपणी व स्व सहायता समूह द्वारा संचालित रोपणी का निरीक्षण किया। उन्होंने रोपणी प्रभारी प्रीति श्रीवास्तव से पौध उत्पादन व विक्रय के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अंकुर अभियान के तहत रोपणी में समूह की सदस्यों के साथ पौधों का भी रोपण किया। इस दौरान तहसीलदार बड़वारा संदीप श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गतिविधियों का आयोजन

**कटनी,यशभारत।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 1 अगस्त से 15 अगस्त तक देश भर में स्वच्छता पखवाड़ा 2022 का आयोजन स्वच्छता संबंधित जागरूकता और स्वच्छता श्रमदान की भावना को बढ़ावा देने हेतु किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नेहरु युवा केंद्र कटनी के तत्वावधान में स्वच्छता संबंधित गतिविधियों का आयोजन जिले के समस्त छह विकासखंड (कटनी, रीठी, बड़वारा, बहोरीबंद, विजयराघवगढ़ एवं ढीमडखेड़ा) के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायत- बडवारा, भूडसा, रीठी, देवरी, धरवारा, जुहली, झिरिया, नन्हवारा, कैमोर सलैया, मझगवा और कटनी शहर के बरगवां, दुबे कॉलोनी, अमीरगंज, संजय नगर, विश्रामबाबा, हाउसिंग बोर्ड आदि स्थानों पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों की अगुवाई और पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों एवं युवा मंडलों ,महिला मंडलों के सहयोग से किया जा रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की स्वच्छता शपथ युवाओं को दिलाई जा रही है। पन्द्रह दिवसीय पखवाड़े के दौरान प्रत्येक दिन जिले में स्वच्छता जागरूकता, पोस्टर, रंगोली, चित्रकला, नारा लेखन, गोष्ठी, रैली, नुक्कड़ नाटक एवं स्वच्छता श्रमदान, सार्वजनिक स्थलों की साफ़-सफाई संबंधित गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहर ने जिले के युवाओं से अभियान में सहभागिता की अपील की है।

# बिजली सप्लाई बंद रहने की समस्या से ग्रामीण परेशान



**कटनी,यशभारत।** निवार-कटनी विकास खण्ड अंतर्गत निवार क्षेत्र के ग्रामीण इन दिनों बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं रात में अधिकांश बिजली सप्लाई बंद रहती है बिजली कटौती से आक्रोशित ग्रामीण किसान एवं घरेलू उपभोक्ता ग्राम पहाड़ी निवार, बिचुआ, हरदुआ, भनपुरा, खेरवा सहित जे ई निवार श्रीकांत सिद्धेय को ज्ञापन सौंपा कर समस्या के निराकरण की मांग रखी ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाया कि लगातार एक सप्ताह से बिजली सप्लाई अधिकांश रात को बंद रहती है। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अंतर्गत भनपुरा सब स्टेशन फीडर का मेंटेनेंस होने के बावजूद भी बिजली बंद होने का सिलसिला लगातार जारी है दिन में 3 से 4 घंटे के बिजली बंद रहती है इतना ही नहीं रात को भी बिजली बंद होने की समस्या बनी हुई है जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम मैं उमस के कारण समस्या हो रही है तो दूसरी तरफ किसानों को खेती करने के लिए बिजली की समस्या के चलते पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पाता यदि रात में लाइट बंद होती है तो कर्मचारियों द्वारा सुधार कार्य भी नहीं किया जाता कर्मचारी रात को फोन भी नहीं उठाते ग्रामीणों ने ज्ञापन में चेतावनी दी है कि बिजली समस्या से निजात दिलाएं नहीं तो आगामी समय में आंदोलन किया जाएगा ज्ञापन में मौजूद बिचुआ सरपंच दुर्गेश, उपसरपंच मोनू प्यासी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नितिन पांडे, शरद यादव, मनोज चौबे, उमेश कुमार, सुनील कुमार, लकी, शंभू दादा, नीरज, अमर नायक, अजय, अभिषेक, अर्पित सचिन, अभय गौतम, राजू, सोनू लोहार, प्रकाश, रिंकू गुप्ता, राहुल गुप्ता, धर्मेंद्र, संदीप एवं जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# नई छात्र परिषद ने ली कर्तव्यनिष्ठा की शपथ






**कटनी,यशभारत।** चड्डा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यषन द्वारा संचालित बेलवेदर इंटरनेशनल स्कूल में छात्र संघ निर्माण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। विद्यालय में विशिष्ट अतिथि डॉ. जय चड्डा, चेयरपर्सन, चड्डा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, चड्डा कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स के वाइस प्रिंसिपल डॉ. राजीव खत्री एवं गणमान्य सदस्य शरद सर तथा अन्य सदस्यों ने शिरकत की। दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. सुधा अरजरिया ने अतिथियों का सत्कार कर मंच संचालन किया। सत्र 2022-23 के लिए पोलारिस हाउस से कैप्टन अभिमन्यु भेरवानी और वाइस कैप्टन अंशिका यादव को दायित्व सौंपा गया। वेगा हाउस में कैप्टन महिमा श्रीवास्तव एवं वाइस कैप्टन सात्विक शुक्ला चुने गए। एट्रिया हाउस से कैप्टन सौभाग्य सिंह बघेल एवं वाइस कैप्टन यशिका जैन, सीरियस हाउस से कैप्टन रियान शर्मा और वाइस कैप्टन नमस्वी सिंह बुंदेला ने शपथ ग्रहण की । विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों के द्वारा बच्चों को बैज और फ्लैश पहनाया गया और उन्हें स्कूल का ध्वज और उनके हाउस का ध्वज भी सौंपा गया। प्रधानाचार्य श्री अरविंद शुक्ला ने छात्र संघ को विद्यालय के मूल्यों पर खरा उतरने के लिए शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि डॉ जय चड्डा ने अपने भाषण में विद्यार्थियों को विद्यालयीन जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए उन्हें उस दिशा में दायित्व लेने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों ने प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को बधाई दी।



## हर घर तिरंगा अभियान का हर आयोजन हो भव्य



**कलेक्टर ने दिए जरूरी तैयारियों के निर्देश**

**कटनी,यशभारत।** जिले में आजादी के अमृत महोत्सव को भव्य व अविस्मरणीय बनाने के लिए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे उपस्थित थे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में निर्देशित किया कि हर घर तिरंगा अभियान जन-जन का अभियान है, राष्ट्र ध्वज देश की आन-बान-शान का प्रतीक है, इसलिए इससे संबंधित होने वाला हर आयोजन भव्य और आकर्षक स्वरूप का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में जिले की सभी 407 ग्राम पंचायतों और नगर निगम सहित तीनों नगर परिषदों की भी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के लिए कार्यक्रमों के चरणबद्ध आयोजन की विस्तृत रूपरेखा बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर विभाग, स्कूल, कॉलेज अपने स्तर पर निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप गतिविधियों का आयोजन करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में 13 अगस्त से तिरंगा यात्रा शुरू की जाए। पंचायतों के प्रतिभागी 15 अगस्त को जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हो सकें, इसके लिए व्यापक रणनीति व कार्ययोजना तैयार की जाए। इस दौरान सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# तिलक कॉलेज के गौरवशाली अतीत की यादें संजोई







**कटनी,यशभारत।** 4 अगस्त को महाविद्यालय के सभागार में स्थापना दिवस का गरिमामयी आयोजन हुआ। कला की अधिष्ठनी देवी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वल कर अतिथियों .एवं प्राचार्य तथा महाविद्यालय परिवार द्वारा विधिवत कार्यक्रम आरंभ हुआ। प्रियंका मिश्रा एम.ए. प्रथम सेमेस्टर हिन्दी एवं साथियों ने सुमधुर कंठ से सरस्वती वंदना का गायन किया। उमेष मिश्रा प्रान्त मंत्री विष्व हिन्दू परिषद के मुख्य आतिथ्य तथा विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्य एंव सेवानिवृत प्रध्यापकों के विषिष्ट आतिथ्य में तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. खरे के संरक्षण में समस्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। 1958 में प्रथम सत्र के भूतपूर्व छात्र संगम लाल जयसवाल (84वर्ष) की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम में श्रीवृद्धि की। सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम मध्यप्रदेश का गौरवगान म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा किया गया। मम वंदन स्वीकार करो प्रभु चरण शरण हम आए विहारे कहकर ने गणपति वंदना प्रस्तुत की। डॉ. चित्रा प्रभात विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र ने सभी अतिथियों का स्वागत उद्बोधन देते हुए षब्द सुमन अर्पित किये। उमेष मिश्रा प्रान्त मंत्री विष्व हिन्दू परिषद ने कहा कि इस महाविद्यालय में आना उन्हें रोमांचित करता है तथा कुछ अनुभव भी उन्होंने विद्यार्थियों से साझा किये। आजादी के अमृत महोत्सव और महाविद्यालय के स्थापना दिवस का सुखद संयोग उसे और भी गौरवान्वित करता है। महाविद्यालय के प्रथम बैच के छात्र जो 84 वर्ष के हो चुके हैं उन्होंने खुद को सम्मनित महसूस किया और महाविद्यालय परिवार भी उन्हें अपने बीच पाकर कृतकृत्य था। आजादी के अमृत महोत्सव पर देषभक्ति गीत एवं नृत्य से रंगारंग कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। 'जय हो' के उदघोष से सम्पूर्ण सभागार राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। पी.पी.टी. के द्वारा प्राचार्य ने 1958 से 2022 तक की महाविद्यालय की प्रगति का दिग्दर्षन किया। महाविद्यालय में अध्ययनरत जिन विद्यार्थियों ने गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्षन किया है, उन्हे प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। मेधावी छात्र-छात्रों को आमन्त्रित कर आज उन्हें भी पुरस्कृत/प्रोत्साहित किया गया। भूतपूर्व छात्र- प्रफुल्ल सोनी, संतोष दुबे, विनोद नायक, अमित कनकने, शुभम पयासी, मोहन नागवानी, रिषभ मिश्रा, अजय खटिक इत्यादि। कार्यक्रम का समापन वन्दे मातरम् गान से हुआ।

## जन अभियान परिषद के पौधारोपण में शामिल हुए कलेक्टर



**कटनी,यशभारत।** अंकुर अभियान एवं हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बड़वारा विकासखंड के भुड़सा में जन अभियान परिषद द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा शामिल हुए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भुड़सा के सभी सदस्यों, स्व.सहायता समूह के सदस्यों व छात्रों के साथ सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल प्रांगण में पौधों का रोपण किया। पौधारोपण करने के बाद प्रस्फुटन समिति सदस्यों, स्व.सहायता समूह सदस्य और छात्रों ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर गांव में रैली निकाली और लोगों से 13 अगस्त से 15 अगस्त तक सुबह हर घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया। कलेक्टर ने जन अभियान परिषद के कार्य की प्रशंसा की। इस दौरान अंकुर अभियान नोडल अधिकारी अजय श्रीवास्तव, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, डीईओ पीपी सिंह, डीपीसी केके डेहरिया, जन अभियान परिषद जिला समन्वयक तेज सिंह केशवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बड़वारा विकासखंड के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा झरेला स्थित बिरला व्हाइट समूह के प्लांट में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। प्लांट के अधिकारियों ने कलेक्टर श्री मिश्रा का स्वागत किया। उसके बाद प्लांट के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ कलेक्टर ने परिसर में पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने समूह के कार्य की सराहना की। प्लांट के अधिकारियों ने बताया कि 4 अगस्त से 19 अगस्त तक उद्योग समूह द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें एक हजार पौधे रोपे जाएंगे। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्लांट में काम करने वाले सभी कर्मचारियों को तिरंगे प्रदान किए जाएंगे और 14 अगस्त को एकसाथ अधिकारी, कर्मचारी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा अपने-अपने घरों में फहराएंगे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने समूह के कार्य की प्रशंसा की। इस दौरान महाप्रबंधक उद्योग अजय श्रीवास्तव, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, उपसंचालक कृषि एके राठौर सहित प्लांट के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## शासकीय चिकित्सालय सहित अन्य स्थलों में चला सफाई कार्य

**कटनी,यशभारत।** निगम प्रशासन द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था एवं आगामी पर्वो पर नगर के विभिन्न स्थलों पर निगम प्रशासन द्वारा की जानें वाली आवश्यक व्यवस्थाओं के तहत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के तहत गाटर घाट एवं मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित कर्बला शरीफके आसपास एवं पहुंच मार्ग की खरपतवार की कटाई मुख्य मार्ग सहित नदीपार एवं बरगवां मुख्य मार्ग के डिवाइडर की सफाई कराई जाकर डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया गया। जालपा देवी वार्ड स्थित डॉ अशोक चौदहा जी की डिस्पेंसरी के पास मलमें का उठाव कार्य, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित फेस वन गली मे चारा कटाई एवं झाड़ू का कार्य सहित दुबे कॉलोनी रोड, रंगनाथ मंदिर रोड, गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड में जवारा गली, सीताराम गली, सम्राट गली, मेन रोड, कोयला गली में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया। नाले नालियों से पानी की सुगम निकासी की व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए लाल बहादुर शास्त्री वार्ड बस्ती की नालियों, जालपा देवी वार्ड स्थित रॉयल जिम के कार्य कराया गया।

# कॉमनवेल्थ गेम्स के आठवें दिन पदकों की बारिश

**बर्मिंघम,एजेंसी। भारत के लिए बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का आठवां दिन पदकों कि बारिश लेकर आया। आठवें दिन कुश्ती की शुरुआत हुई और भारत के कई दिग्गज एथलीट्स इसमें दांव-पेंच लगाने के लिए मैट पर उतरे। भारतीय फैंस को शुक्रवार को पदक आने की उम्मीद तो थी, लेकिन सिर्फ पदक आए नहीं, बल्कि पदकों की बारिश हुई। भारत ने शुक्रवार तीन स्वर्ण, एक और दो कांस्य समेत कुश्ती में कुल छह पदक जीते। इससे भारत के कुल पदकों की संख्या 26 पहुंच गई है। पदक तालिका में भारतीय टीम फिलहाल पांचवें नंबर पर है।**

## भारत ने कुश्ती में 3 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य जीते, मनिका बत्रा और महिला हॉकी टीम हारी




### अंशु मलिक, दीपक पूनिया, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक

हालांकि, आठवें दिन भारत के लिए कुछ निराशाजनक नतीजे भी सामने आए। 2018 गोल्ड कोस्ट कॉमनवेल्थ गेम्स की चैंपियन रहीं टेबल टेनिस प्लेयर मनिका बत्रा महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में हार गईं। इससे एक स्वर्ण की उम्मीदों को झटका लगा है। वहीं, भारतीय महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में हार गई। अब महिला हॉकी टीम कांस्य पदक के लिए न्यूजीलैंड की टीम से भिड़ेगी।

### अब तक मिले पदक

9 स्वर्ण: मीराबाई चानू, जेरेमी लालरिनुंगा, अंचिता शेउली, महिला लॉन बॉल टीम, टेबल टेनिस पुरुष टीम, सुधीर (पावर लिफ्टिंग), बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, दीपक पूनिया।
8 रजत: संकेत सरगरी, बिंदियारानी देवी, सुशीला देवी, विकास ठाकुर, भारतीय बैडमिंटन टीम, तूलिका मान, मुरली श्रीशंकर, अंशु मलिक। 9 कांस्य: गुरुराजा पुजारी, विजय कुमार यादव, हरजिंदर कौर, लवप्रीत सिंह, सौरव घोषाल, गुरदीप सिंह, तेजस्विन शंकर, दिव्या काकरन, मोहित ग्रेवाल।

### आठवें दिन भारत का प्रदर्शन

पहलवान बजरंग ने दिखाया बल, जीता सोना
पहलवान साक्षी मलिक ने रचा इतिहास, स्वर्ण पदक अपने नाम किया
पहलवान दीपक पूनिया ने पाकिस्तानी पहलवान को चित कर जीता स्वर्ण
पहलवान अंशु मलिक ने जीता रजत पदक
पहलवान दिव्या काकरन ने जीता कांस्य
पहलवान मोहित ग्रेवाल ने भी कांस्य पदक जीता
2018 कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट मनिका बत्रा बाहर
हिमा दास 200 मीटर स्प्रिंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं
भारतीय महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में हारी

### भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना का मेडल पक्का

भारतीय रिले टीम फाइनल में
शरत कमल प्री- क्वार्टर फाइनल में पहुंचे
लॉन बॉल्स में भारत फाइनल में पहुंचा
बजरंग ने दिखाया बल, जीता सोना
भारत के दिग्गज पहलवान बजरंग पूनिया ने राष्ट्रमंडल खेलों में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीत लिया है। उन्होंने फ्रीस्टाइल 65 किग्रा वर्ग में कनाडा के लचलान मैकनिल को 9-2 से हराया। भारत का बर्मिंघम में कुश्ती में यह पहला स्वर्ण पदक रहा। इसके बाद तो स्वर्ण की झड़ी लग गई। बजरंग ने इससे पहले 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में भी स्वर्ण जीता था। वहीं, 2014 में उन्होंने रजत पदक अपने नाम किया था।

### दीपक पूनिया ने पाकिस्तान के पहलवान को चित किया

दीपक पूनिया ने भारत को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में अब तक का सबसे यादगार स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने फ्रीस्टाइल 86 किग्रा वर्ग में पाकिस्तान के मोहम्मद इनाम को हरा दिया। इनाम के खिलाफ पूनिया ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। उन्होंने पाकिस्तानी पहलवान को एक भी मौका नहीं दिया। दीपक ने यह मैच 3-0 से अपने नाम कर लिया। यह राष्ट्रमंडल खेलों में दीपक पूनिया का पहला पदक है। इस तरह भारत को कुश्ती में तीसरा स्वर्ण मिला।
अंशु मलिक ने जीता रजत पदक
भारत की पहलवान अंशु मलिक को फ्रीस्टाइल



57 किग्रा वर्ग में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। उन्हें फाइनल में नाइजीरिया की ओडानायो फोलासाडो ने 7-3 से हराया। ओडानायो ने लगातार तीसरी बार स्वर्ण जीता। वहीं, अंशु को अपने पहले राष्ट्रमंडल खेलों में रजत से संतोष करना पड़ा। हार के बाद मैट पर अंशु भावुक हो गई थीं और रोने भी लगी थीं। हालांकि, उन्होंने देश को गर्व करने का मौका दिया।

### दिव्या काकरन ने जीता कांस्य

2018 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता दिव्या काकरन बर्मिंघम से भी खाली हाथ नहीं लौटेंगी। उन्होंने फ्रीस्टाइल 68 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक के मैच में टोंगा की लिली कॉकर को 2-0 से हराया। उन्होंने यह मैच सिर्फ 30 सेकंड में अपने नाम कर लिया। दिव्या ने एशियाई खेलों (2018) में भी कांस्य पदक जीता था।
मोहित ग्रेवाल ने भी कांस्य पदक जीता
भारतीय पहलवान मोहित ग्रेवाल ने फ्रीस्टाइल 125 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने जमैका के एरॉन जॉनसन को 6-0 से हरा दिया। कुश्ती में भारत का यह छठा पदक रहा। शुक्रवार को छह पहलवान उतरे और सभी ने देश को पदक दिलाया। इस तरह भारत के पदकों की संख्या 26 हो गई।



### 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट मनिका बत्रा बाहर

2018 गोल्ड कोस्ट कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट मनिका बत्रा महिला टेबल टेनिस के सिंगल्स मुकाबले में हारकर राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर हो गई हैं। डिफेंडिंग चैंपियन मनिका को सिंगापुर को जियान जेंग ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 4-0 से हरा दिया। सिंगापुर की खिलाड़ी ने मनिका को पहले गेम में 12-10, दूसरे गेम में 11-9, तीसरे गेम में 11-4 और चौथे गेम में 11-7 से हराया। इस तरह 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स में महिला एकल की गोल्ड मेडलिस्ट मनिका बत्रा का सफर क्वार्टर फाइनल में ही खत्म हो गया।

### हिमा दास 200 मीटर स्प्रिंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं

भारत की स्टार स्प्रिंटर हिमा दास 200 मीटर स्प्रिंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। उन्होंने सेमीफाइनल हीट को तीसरे स्थान पर रहकर खत्म किया। सेमीफाइनल में एक हीट से टॉप दो खिलाड़ी फाइनल के लिए क्वालिफाई करता है। हिमा ने सेमीफाइनल में 23.42 सेकेंड का समय निकाला। इस तरह 200 मीटर स्प्रिंट में हिमा दास का सफर समाप्त हुआ।

### महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में हारी

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में महिला हॉकी के दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को शूटआउट 3-0 से हरा दिया। फुल टाइम के बाद स्कोर 1-1 से बराबर रहा था। इस तरह मैच पेनल्टी शूटआउट में पहुंचा था। शूटआउट में दोनों टीमों को पांच-पांच प्रयास मिलते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती तीनों गोल दागे, जबकि भारतीय टीम की ओर से कोई खिलाड़ी गोल नहीं दाग सका।भारतीय टीम के पहले तीन प्रयासों में विफल रहने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम जीत गई। अब महिला हॉकी के फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड से भिड़ेगी। वहीं, भारतीय महिला टीम के लिए अभी उम्मीदें खत्म नहीं हुई हैं। टीम इंडिया अब कांस्य पदक के लिए न्यूजीलैंड से रविवार को भिड़ेगी। वहीं, भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी।

## साक्षी मलिक ने रचा इतिहास



साक्षी मलिक ने राष्ट्रमंडल खेलों में इतिहास रच दिया। उन्होंने पहली बार स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। साक्षी ने फ्रीस्टाइल 62 किग्रा वर्ग में कनाडा की एन्ना गोडिनेज गोंजालेज को हराया। साक्षी ने पहले विपक्षी खिलाड़ी को चित्त कर चार अंक हासिल किए। उसके बाद पिनबॉल से जीत हासिल की। साक्षी इससे पहले राष्ट्मंडल खेलों में रजत (2014) और कांस्य पदक (2018) जीत चुकी थीं। साक्षी ने 4-0 पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की। उन्होंने पहले स्कोर 4-4 से बराबर किया और फिर पिनफॉल से मैच जीत लिया। यह आठवें दिन का भारत को दूसरा स्वर्ण रहा।

### भाविना का मेडल पक्का

पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल महिलाओं के व्हुस क्लास 3-5 इवेंट के फाइनल में पहुंच गईं हैं। उन्होंने इंग्लैंड की सुई बुले को 11-6, 11-6, 11-6 से हराया। अब वह स्वर्ण पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी।

### भारतीय रिले टीम फाइनल में

भारतीय पुरुष टीम ने 4×400 मीटर रिले इवेंट के फाइनल में जगह बना ली है। क्वालिफइंग राउंड ग्रुप 2 में टीम इंडिया दूसरे नंबर पर रही। अपनी हीट को मो. अनस याहिया, निर्मल, अमोज जैकब और मो. वरियाथड़ी की चौक?ी ने 3.06.97 मिनट में पूरा किया।
टेबल टेनिस
शरत कमल प्री- क्वार्टर फाइनल में पहुंचे
टेबल टेनिस में पुरुष एकल के मुकाबले में शरत कमल ने ऑस्ट्रेलिया के फिन लू को 4-0 के से हरा दिया। इसी के साथ शरत क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं।
मनिका और साथियान को मिली हार, शरत-श्रीजा सेमीफाइनल में पहुंचे
टेबल टेनिस के मिक्स्ड डबल्स में मनिका बत्रा और साथियान की जोड़ी हार गई। उन्हें मलेशिया की चूंग जवेन और लिन कारेन की जोड़ी ने 3-2 से हराया। भारतीय जोड़ी को 10-12, 11-9, 11-8, 7-11, 7-11 से हार का सामना करना पड़ा।
वहीं, मिक्स्ड डबल्स के एक अन्य मुकाबले में शरत कमल और श्रीजा अकुला की जोड़ी ने इंग्लैंड की जोड़ी को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारतीय जोड़ी ने यह मैच 11-7, 8-11, 11-8, 11-13, 11-9 से अपने नाम किया।

# 100 से ज्यादा गानों को आवाज दे चुके हैं आदित्य नारायण



### चार साल की उम्र में गाया था पहला गाना

मुंबई,एजेंसी। बॉलीवुड के मशहूर गायक उदित नारायण के बेटे अभिनेता आदित्य नारायण इंडस्ट्री का एक जाना-माना नाम हैं। बड़े पर्दे से लेकर छोटे पर्दे तक आदित्य हर जगह अपने हुनर का जादू बिखेर चुके हैं। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट फिल्मों में नजर आने वाले आदित्य नारायण आज 35 साल के हो चुके हैं। आदित्य हर साल छह अगस्त को अपना जन्मदिन मनाते हैं। साल 1987 में आज ही के दिन मुंबई में जन्मे आदित्य आज एक बेहतरीन होस्ट के रूप में मशहूर हैं। अभिनेता के जन्मदिन के मौके पर जानते हैं उनके जीवन से जुड़े कुछ दिलचस्प बातों के बारे में- आदित्य नारायण ने चार साल की छोटी सी उम्र में पहली बार गाना गाया था। हालांकि, उन्होंने पहली बार बतौर प्लेबैक सिंगर साल 1942 में गाना गाया। आदित्य ने एक नेपाली फिल्म मोहिनी के गाने को अपनी आवाज दी थी। इसके बाद साल 1995 में अभिनेता ने पहली बार अपने पिता उदित नारायण के साथ अकेले हम अकेले तुम फिल्म में गाना गाया था। इसके अलावा आदित्य नारायण ने आशा भोसले के गाए गाने रंगीला में भी कैमियो किया था। बतौर चाइल्ड आर्टिस आदित्य नारायण में 100 से ज्यादा गानों को अपनी आवाज दी। इतना ही नहीं उनके नाम से एक एल्बम भी रिलीज की गई थी। आदित्य की आवाज में उनके मशहूर गाने की बात करें तो 1996 में आई फिल्म मासूम का गाना छोटा बच्चा जान के आज भी काफी लेकप्रिय है। इस गाने के लिए एक्टर को बेस्ट चाइल्ड सिंगर का क्रिटिक्स अवार्ड मिला था। इसके अलावा आदित्य नारायण 16 भाषाओं में गाने गा चुके हैं ।
फिल्मों की बात करें तो आदित्य नारायण ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। कहा जाता है कि साल 1995 में सुभाष भाई ने पहली बार आदित्य को लिटिल वंडर्स ग्रुप में परफॉर्म करते देखा था। इसके बाद निर्देशक ने उन्हें अपनी फिल्म परदेस के लिए साइन किया था, जिसमें अभिनेता शाहरुख खान और महिमा चौधरी बतौर मुख्य कलाकार नजर आए थे। इसके बाद वह फिल्म जब प्यार किसी से होता है में भी नजर आए। हालांकि उन्होंने साल 2009 में आई फिल्म शापित से बतौर मुख्य कलाकार डेब्यू किया। विक्रम भट्ट द्वारा निर्देशित इस फिल्म के लिए आदित्य ने ना सिर्फ 4 गाने गाए थे, बल्कि उन्हें लिखा भी खुद ही था।



# बिपाशा का ग्लैमरस लुक

मुंबई,एजेंसी। बॉलीवुड सेलिब्रिटीज से लेकर टीवी कलाकारों तक की लंबी फैन फॉलोइंग होती है और फैंस अपने पसंदीदा कलाकारों के बारे में हर जानकारी रखना चाहते है। लोगों को एंटरटेनमेंट से जुड़ी खबरों के साथ ही सितारों की निजी जिंदगी के बारे में भी जानने की खासी उत्सुकता रहती है। सेलेब्स भी अपनी ट्रिप से लेकर अन्य खुशनुमा पलों तक की कई तस्वीरें आदि साझा करते रहते हैं। तो चलिए फोटोज ऑफ द डे के माध्यम से जानते हैं कि आज इसी सेलिब्रिटी ने क्या अपडेट दिया है। अभिनेत्री बिपाशा बसु इस समय अपनी प्रेग्नेंसी की खबरों को लेकर चर्चा में हैं, हालांकि उन्होंने खुद इस बात की पुष्टि नहीं की है। फिलहाल एक्ट्रेस ने अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें उनका ग्लैमरस अंदाज नजर आ रहा है।

## वापस आ रहा है कपिल शर्मा का शो

# नए चेहरे आएंगे हंसाने, आपके पास भी है मौका

**नई दिल्ली,एजेंसी।** टीवी शो कपिल शर्मा शो काफी समय से नहीं आ रहा है। कपिल, विदेश में परफॉर्म करने गए हैं। उनके साथ शो की पूरी टीम गई है इसलिए शो को वहीं बंद करना पड़ा। हालांकि उसकी जगह चैनल पर इंडिया लाफ्टर चैलेंज आ रहा है जिसे अर्चना पूरण सिंह और शेखर सुमन जज कर रहे हैं। शो को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। हालांकि कपिल शर्मा शो जितना उसे पसंद नहीं किया जा रहा है। अब कपिल के शो का इंतजार कर रहे फैंस के लिए गुड न्यूज है। शो अब वापस आ रहा है और दिलचस्प बात तो है कि इस बार शो में नए चेहरे नजर आएंगे।

### क्या है अनाउंसमेंट

कपिल की टीम की तरफ से इंस्टाग्राम पर अनाउंसमेंट की गई है। सोशल मीडिया पर लिखा गया है, च्भारत का मोस्ट पॉपुलर शो कपिल शर्मा शो वापस आ रहा है और अब इस परिवार में नए सदस्य भी शामिल होंगे इसका मतलब की अगर आपको भी इस शो में अपनी कॉमेडी के स्किलस दिखाने हैं तो इस शो के लिए ऑडिशन दे सकते हैं।



# जूनियर एनटीआर की फिल्म में दिखाई देंगी जान्हवी कपूर?



मुंबईएजेंसी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर की फिल्म गुड लक जैरी हाल ही में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर ऑन एयर हुई है और वह अभी भी इस फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं, लेकिन इसी बीच खबरें सामने आईं कि जान्हवी कपूर साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाली हैं। वह च्आरआरआरज अभिनेता जूनियर एनटीआर संग स्क्रीन पर नजर आएंगी। हालांकि कोई भी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं किया गया था और अब एक्ट्रेस ने इस पूरे मामले पर खुद सच्चाई बताई है। एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने एक मीडिया हाउस से बातचीत में कहा- च्अगर मुझे जूनियर एनटीआर संग काम करने का मौका मिलता है तो ये गर्व की बात होगी, वह लेजेंड हैं। इसके आगे जान्हवी ने बताया कि उनके पास अभी तक साउथ की किसी फिल्म का ऑफर नहीं आया है। हालांकि एक्ट्रेस ने कहा उन्हें इंतजार कि साउथ का कोई कोई निर्देशक उन्हें अप्रोच करे। बता दें कि जान्हवी कपूर के पिता बोनी कपूर एक निर्माता के तौर पर पहले ही साउथ फिल्म इंडस्ट्री में सक्रीय हैं, वहीं उनकी मां श्री देवी ने भी दक्षिण भारतीय सिनेमा से अपनी शुरुआत की थी।

# उर्फी जावेद ने टॉपलेस होकर करवाया फोटोशूट, बालों से शरीर को ढंकती नजर आई एक्ट्रेस

म्रुबई एजेंसी। उर्फी जावेद आज एक जाना माना चेहरा बन चुकी हैं। उर्फी ये अच्छी तरह से जानती हैं कि उन्हें सुर्खियों में कैसे बने रहना है। उनके लुक हमेशा सोशल मीडिया पर तहलका मचा देते हैं। एक बार फिर ऐसा ही हुआ है। उर्फी का लेटेस्ट लुक देख हर किसी के होश उड़ गए। उर्फी के लेटेस्ट फोटोशूट में वे टॉपलेस नजर आ रही हैं। अपने अतरंगी ड्रेसिंग सेंस और बेबाक बयानबाजी को लेकर उर्फी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। एक्ट्रेस की ऐसी कोई फोटो और वीडियो नहीं होते हैं जो वायरल न हो। उर्फी के फैशन सेंस को देख लोग हैरान रह जाते हैं वहीं उर्फी के फैंस को उनके ये अंदाज काफी पसंद आते हैं।
उर्फी ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर शेयर की है। इन



फोटोज में उर्फी टॉपलेस नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने शरीर को सिर्फ अपने बालों से ढंका है। उर्फी इस तरह की फोटोज शेयर किया करती हैं तो उनके फैंस को उनका ये अंदाज देख ज्यादा हैरानी नहीं हुई। उर्फी के इस लुक पर उनके फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। अपने अतरंगी फैशन के कारण उर्फी कई बार ट्रोलर्स के निशाने पर आ चुकी हैं। लेकिन एक्ट्रेस को इन सबसे कोई फर्क नहीं पड़ता है। कौन उनके बारे में क्या सोचता है क्या कहता है इसका अब उन पर कोई असर नहीं होता है।
ट्रोलर्स कितना ही उर्फी को ट्रोल करें लेकिन उर्फी ने आज अपनी ऐसी पहचान बना ली है कि वे जहां भी खड़ी होती हैं वहां कैमरे खुद ब खुद उनकी तरफ दौड़े चले जाते हैं। बता दें कि उर्फी कुछ म्यूजिक वीडियोज में भी नजर आ चुकी हैं।



मनीषा अजय शर्मा, अध्यक्ष कैमोर



वसुधा मनीष मिश्रा, अध्यक्ष विजयराघवगढ़

# कैमोर में मनीषा शर्मा, विजयराघवगढ़ में वसुधा मिश्रा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

## विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की कुशल रणनीति के चलते दोनों नगर परिषदों में भाजपा का परचम लहराया

**कटनी,यशभारत। जिले की दो नगर परिषदों कैमोर एवं विजयराघवगढ़ में आज पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई। दोनों ही नगर परिषदों में अध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। कैमोर से उपाध्यक्ष पद पर भी केवल एक नाम होने के कारण यहां उपाध्यक्ष का निर्वाचन भी निर्विरोध होना तय है। विजयराघवगढ़ में भी उपाध्यक्ष पद भाजपा की ही झोली में जाने के आसार हैं। दोनों नगर परिषद विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती हैं। यहां अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न कराने में विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की अहम भूमिका रही।**

कैमोर नगर परिषद में दावेदारों के बीच आम सहमति से भाजपा ने वार्ड क्रमांक 10 से निर्वाचित मनीषा अजय शर्मा को अपना अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया जो निर्विरोध निर्वाचित हो गई। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए वार्ड क्रमांक 2 से निर्वाचित पार्षद संतोष केवट का सिंगल नाम होने के कारण उनका भी निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। विजयराघवगढ़ नगर परिषद से भाजपा की वसुधा मनीष मिश्रा का नामांकन अध्यक्ष पद के लिए दाखिल किया गया था। दोपहर 12 बजे तक नामांकन दाखिले की अवधि समाप्त होने तक कांग्रेस की ओर से कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया जिसके चलते भाजपा की वसुधा मनीष मिश्रा निर्विरोध निर्वाचित हो गईं। उल्लेखनीय है कि कैमोर नगर परिषद के चुनाव में भाजपा को 10 वार्डों में जीत मिली थी, जबकि 5 वार्डों से निर्दलीय प्रत्याशी पार्षद बनकर आए थे। चुनाव के बाद सभी निर्दलीय पार्षद भाजपा में शामिल हो गए थे। पूरे 15 पार्षद भाजपा के होने के कारण यहां पहले से ही निर्विरोध निर्वाचन की संभावना जताई जा रही थी जो सच साबित हुई। विजयराघवगढ़ में भाजपा के 7 एवं कांग्रेस के 4 पार्षद चुनाव जीते थे। 3 वार्डों में निर्दलियों की जीत हुई जबकि एक वार्ड में आम आदमी पार्टी को जीत मिली थी। चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी के पार्षद सहित तीनों निर्दलीय पार्षदों ने भाजपा को समर्थन का ऐलान कर दिया था। संख्या बल भाजपा के पक्ष में होने के बावजूद कांग्रेस यहां चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही थी। बताया गया कि कांग्रेस की ओर से अध्यक्ष पद के लिए नामांकन फार्म भी प्राप्त किया गया था पर अंतिम समय में कांग्रेस के 4 पार्षदों में भी सहमति नहीं बन पाई जिसके चलते कांग्रेस ने अध्यक्ष पद के लिए कोई नामांकन दाखिल नहीं किया।



सतोष केवट, उपाध्यक्ष कैमोर



हरिओम बर्मन, उपाध्यक्ष विगढ़

दोपहर 12 बजे नामांकन दाखिले की अवधि समाप्त हो गई और भाजपा की वसुधा मनीष मिश्रा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हो गई। उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया दोपहर डेढ़ बजे से शुरू हुई। भाजपा की ओर से वरिष्ठ पार्षद हरिओम बर्मन के नाम पर आम सहमति बनाकर नामांकन दाखिल कराया गया। निर्धारित समय तक कोई और नामांकन दाखिल नहीं किए जाने के कारण हरिओम बर्मन निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हो गए। कैमोर एवं विजयराघवगढ़ में भाजपा को मिली इस जीत के बाद जश्न का माहौल रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस जीत का श्रेय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक को देते हुए उनका स्वागत किया। जोरदार नारों और आतिशबाजी के साथ निर्वाचित अध्यक्षों का विजय जुलूस निकाला गया।

# नवनिर्वाचित सरपंच एक लाख रूपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

### ढीमरखेड़ा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत खाम्हा में लोकायुक्त की कार्रवाई

**कटनी, यशभारत।** हाल ही में सम्पन्न हुए पंचायत चुनाव में सरपंच पद पर निर्वाचित हुए सरपंच को जबलपुर की लोकायुक्त पुलिस ने एक लाख रूपए के रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। मामला ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत क्षेत्र की खाम्हा ग्राम पंचायत का है। पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित सरपंच ने शपथ लेने के बाद गांव में ही रहने वाले एक व्यक्ति से चार लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी, जिसकी शिकायत लोकायुक्त से की गई थी। जिसके बाद सरपंच को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ने की योजना बनाई गई। शुक्रवार को जैसे ही रिश्वत की पहली किश्त एक लाख रुपए सरपंच ने ली, तभी लोकायुक्त ने उसे गिरफ्तार कर लिया। लोकायुक्त डीएसपी दिलीप झरवड़े ने बताया कि ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत क्षेत्र के खाम्हा ग्राम पंचायत निवासी आलोक कुमार पिता श्रवण कुमार उत्तरप्रदेश के कौशम्बी जिले में पीडब्ल्यूडी विभाग में क्लर्क है। करीब तीन साल पहले वह परिवार सहित कौशम्बी में रहने लगा। खाम्हा गांव में उसकी पुस्तैनी जमीन है और उसका घर भी बना हुआ। उसका आधार कार्ड भी खाम्हा गांव का है। कुछ दिन पहले आलोक की मां ने खाम्हा गांव स्थित अपनी आठ एकड़ जमीन बेची थी। जिस पर ग्राम पंचायत सरपंच सुशील कुमार पाल प्रति एकड़ 50 हजार रुपए के हिसाब से 4 लाख रुपए की मांग कर रहा था। साथ ही यह भी कह रहा था कि अब वे लोग ग्राम पंचायत में नहीं रहते है, इसी वजह से उन्हें सरकारी योजना का लाभ भी नहीं लेने देगा। जिसकी शिकायत आलोक कुमार ने लोकायुक्त से की। शिकायत के बाद सरपंच को रिश्वत लेते पकड़ने की योजना बनाई गई। ग्राम पंचायत खाम्हा में जैसे ही सरपंच सुशील कुमार पाल ने रिश्वत के एक लाख रुपए लिए, तभी लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। लोकायुक्त ने रिश्वत के रुपए बरामद कर लिए हैं। सरपंच को रिश्वत लेते पकड़ने के दौरान उपपुलिस अधीक्षक दिलीप झरवड़े, निरीक्षक मंजू किरण तिर्की, निरीक्षक कमल सिंह उईके, निरीक्षक नरेश बेहरा सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।



# युवक ने खुद को मारी गोली, मौत

### सड़क हादसे में दोस्तों की मौत के बाद डिप्रेशन में था गगन, कहता था उसके दोस्त उसे बुला रहे हैं, रात में दोस्तों से कहा-कल मिट्टी में आ जाना





देररात सिविल लाइन क्षेत्र में वारदात, मृतक के जीवित अवस्था का चित्र



**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के सिविल लाइन क्षेत्र में एक युवक ने अपने मकान की तीसरी मंजिल में जाकर खुद को गोली मार ली। गोली मारने के पहले उसने अपने दोस्तों को फोन कर कहा था कि कल मिट्टी में आ जाना।

घटना शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात करीब डेढ़ से दो बजे की बीच की बताई जा रही है। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे सुसाइड का मामला मानकर जांच कर रही है। परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस का कहना है कि युवक के दोस्तों की मौत सड़क हादसे में हो गई थी, जिसके बाद से ही युवक डिप्रेशन में था। कई बार उसने यह भी कहा था उसे उसके दोस्त बुला रहे हैं। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि सिविल लाइन निवासी 22 वर्षीय गगन पिता प्रदीप सोनी ने अपने मकान की तीसरी मंजिल में जाकर कट्टे से अपने सिर पर गोली मार ली। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को अपने कब्जे में लिया और पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। टीआई अजय सिंह ने बताया कि युवक ने अपने आप को गोली मारने से पहले दोस्तों को फोन भी लगाया था और कहा था कि कल मिट्टी में आ जाना। जिसके बाद उसके दोस्त उसके घर के बाहर पहुचे थ, युवक की खोजबीन करने के दौरान वह अपने घर की तीसरी मंजिल में मृत अवस्था में मिला। सिर से खून निकल रहा था और पास में ही एक देशी कट्टा रखा था। पुलिस ने बताया के कुछ महीने पहले युवक के दो दोस्तों की मौत सड़क हादसे में हो गई थी, तभी से वह मानसिक रुप से परेशान रहने लगा था, परिचत के लोगों से यह भी कहता था कि उसके दोस्त उसे बुला रहे हैं। पुलिस का कहना है कि युवक डिप्रेशन में था, इसी वजह से उसने आत्महत्या कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।


**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक,
कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340


# चोरी की दो वारदातों से कोतवाली पुलिस ने उठाया पर्दा

## गायत्रीनगर क्षेत्र से एक बदमाश गिरफ्तार, नगदी, जेवर सहित एक लाख का सामान बरामद

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली पुलिस ने गायत्रीनगर क्षेत्र स्थित सोनी का बगीचा क्षेत्र निवासी एक शातिर बदमाश को पकड़ कर रेलवे क्वार्टर व सब्जी मंडी स्थित एक जनरल स्टोर्स में हुई चोरी की दो वारदातों का खुलासा किया है। आरोपी के पास से एक लाख रूपए का सामान बरामद किया गया है। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह के मुताबिक रेलवे क्वार्टर निवासी पूजा सिंह चंदेल के यहां 16 जुलाई को दिनदहाड़े उस समय चोरी की वारदात घटित हुई थी, जब वह क्वार्टर में ताला लगाकर रिश्तेदारी में गई हुई थी। अज्ञात बदमाशों ने उसके सूने रेलवे आवास का ताला तोड़कर अंदर से 10 हजार रूपए नगद सहित सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने पूजा सिंह की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध धारा 454, 380 के तहत मामला दर्ज किया था। वहीं दौरान 21 जुलाई को सब्जीमंडी क्षेत्र में लक्ष्मी जनरल स्टोर्स नामक प्रतिष्ठान चलाने वाले गौरव केशवानी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह 20 जुलाई को रात्री में दुकान बंद करके गया था। 21 जुलाई को सुबह जब दुकान खोलने पहुंचा तो उसे दुकान में चोरी का पता चला। अज्ञात चोर छत के रास्ते से दुकान के अंदर अंदर घुस कर कैश काउन्टर में रखे 5000 रूपए नगद, चेक बुक व सीसीटीवी का डीवी आर ले गए थे। पुलिस ने गौरव की शिकायत पर भी अज्ञात चोरों के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर दोनों वारदातों में शामिल आरोपियों की पतासाजी शुरू की। पतासाजी के दौरान मुखबिरों ने पुलिस को बताया कि गायत्रीनगर क्षेत्र स्थित सोनी का बगीचा क्षेत्र निवासी पूर्व अपराधी मनोज पिता गुलाब गोस्वामी पिछले 3-4 दिनों से रात्री में संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है और कही चोरी भी कर चुका है। जिसके बाद मनोज को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में मनोज ने पूजा सिंह के रेलवे क्वार्टर व सब्जी मंडी के लक्ष्मी जनरल स्टोर में चोरी करना स्वीकार किया। जिसके बाद उसके कब्जे से नगदी, सोने के जेवरात बरामद किए गए। साथ ही घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटर सायकल भी जप्त की गई।



### इनकी रही भूमिका

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चोरी की वारदातों का पर्दाफाश करने में कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक अनिल यादव, सहायक उपनिरीक्षक कप्तान सिंह, सतेन्द्र सिंह, निलेश खरे, प्रधान आरक्षक विरेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र तिवारी, पुष्पराज सिंह, पवन सिंह, आरक्षक भूपेन्द्र सिंह व सैनिक श्रवण मिश्रा की भूमिका रही।


पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें
Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009


# ट्रेन से जबलपुर लाए जा रहे 70 तोते कराए गए आजाद



**कटनी, यशभारत।** रेल सुरक्षा बल कटनी की टीम ने कटनी रेलवे स्टेशन पर जबलपुर लाए जा रहे 70 करन तोते बरामद किए। कटनी के प्लेटफॉर्म 6 के पास दो बक्सों में इन तोतों को छिपाकर रखा गया था। प्लेटफॉर्म की जांच में ये लावारिश हालत में मिले। जांच की भनक लगते ही आरोपी भाग निकले। उप निरीक्षक शिशिर कुमार ने बताया कि उक्त तोते दो पिंजरों में रखकर जबलपुर लाने की तैयारी थी। तोतों को रेल सुरक्षा बल ने वन विभाग को सौंप दिया है। आरपीएफकमांडेंट अरुण त्रिपाठी ने प्लेटफॉर्म एवं ट्रेनों की गश्त करने के निर्देश दिए हैं।


**प्लाट बिकाऊ हैं**

राय कॉलोनी, शांतिनगर, बारह बंगला एवं समदड़िया सिटी के पास प्लाट बिकाऊ हैं।
रेट 1000/- से 1200/- तक
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें.
मो. 9993705740

a Sainik Conduct Disciplined Degree College | Time : 10:30 to 12:30 Only
B.Ed. D.Pharma LL.B. BBA
SILICOBYTE सिलिकोबाइट
KDC Katni Degree College (Group of Education)
आधारकाप, नई बस्ती, कटनी. 9981435977

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033


**सूचना**

सर्व सूचनार्थ है कि मेरी पुत्री ज्योति कुमारी चौबे पिता श्री बैजनाथ चौबे जो कि कक्षा 10वीं की परीक्षा सन् 2021 में उत्तीर्ण की थी जिसकी टीसी बारिश के पानी में पूरी तरह नष्ट हो गई है। जिसका किसी प्रकार से कोई दुरूपयोग नहीं किया गया।

श्री बैजनाथ चौबे
टीआरएस/एनकेजे

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व का नाम शाहजहॉ पति शेख जुम्मन था, जो कि परिवर्तित होकर शाहजहॉ बी पति शेख जुम्मन है। मेरे आधार कार्ड नंबर 24648539081 में यही नाम दर्ज है, एवं भविष्य में मुझे मेरे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

पता- लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नं. 2 अहमद नगर मस्जिद के पास कुठला कटनी म.प्र.


JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.




सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
**समर्थ** मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking



City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)